

# सब का सपना



निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र

साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म करेंगी कंगना -पेज: 8

मंधाना की शतकीय पारी से... -पेज: 8

वर्षः 01 | अंकः 36 | सोमवार- 12 मई 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 4 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### अकेले खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाने की बजाय सुरक्षाबलों के साथ खड़े होने का समय : अखिलेश



**लखनऊ (एजेंसी)** पाकिस्तान के साथ सैन्य टकराव और नियंत्रण रेखा पर मौजूदा हालात के बीच समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रविवार को राजनेताओं से रक्षा संबंधी पृष्ठभूमि का इस्तेमाल फोटो खिंचवाने के अवसर के रूप में करने से बचने की अपील की। सपा प्रमुख ने रविवार को अपने आधिकारिक "एक्स" अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि "वर्तमान के अति संवेदनशील माहौल में 'प्रतिरक्षा-सुरक्षा' और भी अधिक गंभीर विषय बन गया है।" उन्होंने कहा कि "राजनीतिज्ञों से आग्रह है कि कृपया इसे फोटो बैकग्राउंड अथवा सेल्फी प्वाइंट न बनाएं। ये आत्म-प्रदर्शन के लिए अकेले खड़े होकर तस्वीरें खिंचवाने की बजाय सैन्य बलों के साथ खड़े होने का समय है।"

### दिल्ली में चार अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार इलाके में अवैध रूप से रह रहे चार बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहे आरिफ (19), असदुल (30), आसिया बेगम (47) और जुहूर अली (80) को गिरफ्तार किया गया। चारों को निर्वासन की कार्यवाही के लिए हिरासत केंद्र भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, इलाके में अवैध प्रवासियों को चिह्नित करने के लिए एक टीम को गश्त बढ़ाने को कहा गया था। एक अधिकारी ने बताया, ''आसिया बेगम और जुहूर अली से बरामद पहचान दस्तावेजों से उनकी बांग्लादेशी नागरिकता और वैध वीजा या परमिट के बिना भारत में अवैध प्रवास की पुष्टि हुई।''

### भारतीय रॉकेटों का इस्तेमाल करने को इच्छुक है अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** अगले साल दुनिया का पहला वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने की योजना बना रही अमेरिकी कंपनी 'वास्ट' ने चालक दल के सदस्यों को कक्षीय प्रयोगशाला में पहुंचाने के लिए भारतीय रॉकेटों का उपयोग करने में रुचि दिखाई है। 'वास्ट' के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मैक्स होट ने यहां वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन के अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेतृत्व दल से मुलाकात की और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संभावित सहयोग पर चर्चा की।

यह अंतरिक्ष-आवासन कंपनी एक अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की दौड़ में है जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का अगला संस्करण होगा। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का कार्यकाल 2031 तक है। कैलिफोर्निया स्थित यह कंपनी मई 2026 में 'स्पेसएक्स फाल्कन 9' रॉकेट पर एकल-मॉड्यूल अंतरिक्ष स्टेशन हेवन-1 लगाने की योजना बना रही है।

# भारत-पाकिस्तान: प्रधानमंत्री मोदी ने उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर के अलावा शीर्ष अधिकारियों के साथ रविवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान के बीच सहमति बनने के एक दिन बाद हुई। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुख शामिल हुए। भारत ने पाकिस्तान पर सहमति की शर्तों का उल्लंघन करने का शनिवार रात आरोप लगाया था और उससे इस तरह के उल्लंघन से बचने के लिए उचित कदम उठाने तथा स्थिति से ''गंभीरता और जिम्मेदारी'' के साथ निपटने का आह्वान किया था।

स्थिति अब शांत हो गई है लेकिन कई सीमावर्ती क्षेत्रों के लोग कई दिनों तक जारी रही गोलाबारी और ड्रोन संबंधी घटनाओं के कारण अब भी आशंकित हैं।

### भाजपा ने मोदी की सराहना की, कहा: भारत ने पाकिस्तान को कूटनीतिक रूप से अलग-थलग कर दिया

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान के साथ संबंधों के नियमों को फिर से लिखा है।


विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने शनिवार को घोषणा की थी कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) ने अपराह्न तीन बजकर 35 मिनट पर भारतीय डीजीएमओ से फोन पर बात की। उन्होंने कहा, ''उनके बीच यह सहमति बनी कि दोनों पक्ष शनिवार को शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद कर देंगे।'' भारत की इस घोषणा के बाद पार्टी ने यह बयान दिया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के जरिए कहा कि पाकिस्तान ने ''विनाशकारी नुकसान'' झेलने के बाद ''सहमति बनाने की गुहार'' लगाई।

### राहुल, खरगे ने पहलगाम हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की



**राहुल गांधी** और मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर पहलगाम आतंकवादी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और सीमा पार से गोलीबारी के मामले में ताजा घटनाक्रम पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। राहुल ने अपने पत्र में लिखा है, "मैं विपक्ष के सर्वसम्मति से किए गए अनुरोध को दोहराता हूं कि संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाया जाए। लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकवादी हमले, 'ऑपरेशन सिंदूर' और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दोनों देशों के संघर्ष-विराम के लिए तैयार होने की घोषणा पर चर्चा करना अहम है। यह आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे सामूहिक संकल्प को प्रदर्शित करने का भी अवसर होगा।"

# सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी द्विपक्षीय सहमति का पाकिस्तान ने किया उल्लंघन: सरकारी सूत्र



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** सरकारी सूत्रों ने शनिवार रात कहा कि इस्लामाबाद ने भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, हवा और समुद्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए आज दोपहर बनी द्विपक्षीय सहमति का उल्लंघन किया है। यह घटनाक्रम चार दिन तक ड्रोन और मिसाइल हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान द्वारा संघर्षविराम पर सहमति जताए जाने के कुछ घंटों बाद हुआ।

सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के अखनूर सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी की खबर है। उन्होंने बताया कि पीर पंजाल इलाके में भी ड्रोन देखे जाने की सूचना है।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि ड्रोन आए और गोलीबारी हुई, लेकिन ''नियंत्रण रेखा पर अब कोई गोलीबारी नहीं हो रही है।'' भारत और पाकिस्तान में सैन्य कार्रवाई रोकने पर बनी सहमति की जानकारी सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक सोशल मीडिया पोस्ट से सामने आई, जिसमें उन्होंने दावा किया कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान "पूर्ण और तत्काल" संघर्षविराम के लिए तैयार हो गए हैं।

हालांकि, शीर्ष सरकारी सूत्रों ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह परिणाम भारतीय और पाकिस्तानी पक्षों के बीच प्रत्यक्ष बातचीत का नतीजा है और इस्लामाबाद ने "बिना किसी शर्त के" एवं ''अन्य मुद्दों से बिना किसी संबंध के'' इस पर सहमति जताई है। ट्रंप के पोस्ट के बाद विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने मीडिया को बताया कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने आज एक बातचीत के दौरान इस सहमति पर सहमति व्यक्त की।

मिसरी ने कहा, "पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशक ने आज भारतीय समयानुसार अपराह्न तीन बजकर 35 मिनट पर भारत के सैन्य अभियान महानिदेशक को फोन किया।" उन्होंने कहा, "दोनों पक्षों के बीच इस बात पर सहमति बनी कि वे भारतीय समयानुसार आज शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र में सभी प्रकार की गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोक देंगे।"

### भविष्य में किसी भी आतंकवादी कृत्य को भारत के खिलाफ 'युद्ध की कार्रवाई' माना जायेगा: सरकारी सूत्र

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** सरकार ने शनिवार को निर्णय लिया कि भारत अपनी सरजमीं पर भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी हमले को ''युद्ध की कार्रवाई'' मानेगा और उसी के अनुसार जवाब देगा। शीर्ष आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह चेतावनी पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद शुरू हुई सैन्य कार्रवाई को समाप्त करने के लिए दोनों देशों के बीच सहमति की घोषणा से पहले दी गई।

इस निर्णय के साथ, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने आतंकवादी घटनाओं के खिलाफ एक स्पष्ट ''लक्ष्मण रेखा'' खींचने की कोशिश की है और यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादी फिर से भारत को निशाना बनाते हैं, तो सरकार पहलगाम घटना के बाद जैसी ही सैन्य प्रतिक्रिया देगी। एक शीर्ष सरकारी सूत्र ने कहा, ''भारत में भविष्य में होने वाले किसी भी आतंकवादी कृत्य को देश के खिलाफ युद्ध की कार्रवाई माना जाएगा और उसका जवाब उसी के अनुसार दिया जाएगा।'' अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत ''युद्ध की कार्रवाई'' से तात्पर्य किसी देश द्वारा दूसरे देश के विरुद्ध शत्रुतापूर्ण कार्रवाई से है, जो पीड़ित देश को हमलावर पर हमला करने का वैध आधार प्रदान करती है। इस बयान के तुरंत बाद भारत ने घोषणा की कि भारत और पाकिस्तान के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) ने शनिवार शाम पांच बजे से जमीन, हवा और समुद्र पर सभी गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति जताई है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि पाकिस्तान के डीजीएमओ ने आज अपराह्न तीन बजकर 35 मिनट पर भारत के डीजीएमओ को फोन किया। विदेश सचिव की यह घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस बयान के तुरंत बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका की मध्यस्थता में हुई वार्ता के बाद भारत और पाकिस्तान ''पूर्ण और तत्काल'' संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक शामिल थे।

वर्ष 2014 में सत्ता में आने के बाद से मोदी सरकार ने पाकिस्तान से जुड़ी आतंकवादी घटनाओं पर अपनी प्रतिक्रिया को काफी तेज किया है, जिसके तहत सशस्त्र बलों ने आतंकवादी संगठनों के खिलाफ अपने सबसे व्यापक हमले में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सात मई को पड़ोसी देश और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया।

## भारत–पाक तनाव

### डर, सोशल मीडिया पर सूचनाओं की बाढ़ से मानसिक स्वास्थ्य हो रहा प्रभावित



**नयी दिल्ली (एजेंसी)** सात साल की हेजल के लिए इस हफ्ते की शुरुआत तक पाकिस्तान सिर्फ एक नाम था। अब दरवाजे पर हर दस्तक के साथ वह सशंकित हो जाती है और किसी आसन्न खतरे के बारे में सोचकर परेशान हो जाती है। अन्नू मैथ्यू को अपनी बेटी हेजल को यह समझाने में मुश्किल हो रही है कि वह केरल के त्रिवेंद्रम में किसी सीधे खतरे की जद में नहीं है।

मैथ्यू ने कहा, ''यह सब तब शुरू हुआ, जब उसके स्कूल में जागरूकता सत्र था और फिर उसने कक्षा में अपने दोस्तों से कुछ बातें सुनीं। अब वह चाहती है कि मैं दरवाजा खोलने से पहले सावधान रहूं। वह कहती है कि पाकिस्तान हम पर हमला करेगा और हर कोई मर जाएगा।'' हेजल अकेली नहीं है। सैकड़ों मील दूर दिल्ली में 36 वर्षीय महेंद्र अवस्थी ने कहा कि उन्हें नींद नहीं आती। बच्ची अपने आस-पास की बातचीत से परेशान है, तो युवा सोशल मीडिया का सहारा ले रहे, जिन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि किस तथ्य पर विश्वास करें और किस पर नहीं। शनिवार शाम को पाकिस्तान और भारत के बीच सैन्य टकराव रोकने पर बनी सहमति के बावजूद लोग सहमे हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव रोकने पर सहमति बन गई है। राहत की यह भावना जल्द ही नयी चिंता में बदल गई, जब पाकिस्तान द्वारा कई सीमावर्ती क्षेत्रों में विस्फोटों और 'ब्लैकआउट' के साथ उस समझौते का उल्लंघन करने की खबरें आईं।

### जिन लोगों ने संविधान को खारिज किया, उनके वंशज आज उसका बचाव कर रहे हैं : थरूर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने शनिवार को कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि जिन लोगों ने संविधान को खारिज किया था, उनके वंशज आज इसका उत्सव मना रहे हैं और इसका बचाव कर रहे हैं।

थरूर ने शनिवार को अपनी पुस्तक 'अवर लिविंग कॉन्स्टीट्यूशन' के विमोचन के अवसर पर कहा कि समाज और संविधान दोनों विकसित हो रहे हैं तथा इस प्रक्रिया में हम धीरे-धीरे भारत के सामाजिक ताने-बाने में 'संवैधानिक मूल्यों और संवैधानिक नैतिकता का समावेश' देख रहे हैं।

उन्होंने कहा, ''आज हिंदुत्व आंदोलन से जुड़े लोग संविधान के सबसे कट्टर समर्थकों और उसके रक्षकों में शामिल हैं।

## सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला नटवरलाल जेई पुलिस ने किया गिरफ्तार

» **सब का सपना संवाददाता**

**बहजोई/संभल:** पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जनपद सम्भल अनुकृति शर्मा के कुशल निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई आलोक सिद्धू के कुशल नेतृत्व मे जनपद सम्भल में कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण लगाने हेतु चलाये जा रहे लगातार अभियान में थाना बहजोई पुलिस ने एक अभियुक्त विजयपाल सिंह पुत्र स्व० रमेशचन्द्र निवासी ग्राम नरौदा थाना बहजोई जनपद सम्भल हाल पता आवास विकास कालोनी नं0 02/308 कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बता दें कि मुकदमा वादी महावीर यादव पुत्र चरन सिंह निवासी ग्राम लहरावन थाना बहजोई जनपद सम्भल ने 30 अगस्त 2024 को थाना बहजोई जनपद सम्भल पर अभियुक्त विजयपाल सिंह पुत्र स्व० रमेशचन्द्र निवासी ग्राम नरौदा थाना बहजोई जनपद सम्भल हाल पता आवास विकास कालोनी नं० 02/308 कस्बा व थाना चन्दौसी जनपद सम्भल द्वारा वादी से विजली विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रूपये की ठगी की है। अभियुक्त विजयपाल उपरोक्त विद्युत विभाग में जेई के पद पर तैनात है। अभियुक्त विजयपाल द्वारा इससे पूर्व में भी कई व्यक्तियों से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी कर चुका है। यह फर्जी रूप से घरो के बिजली के कनैक्शन लगवाने के नाम पर और ट्यूवैल के फर्जी रूप से कनैक्शन लगवाने के नाम पर व आनलाईन फर्जी रूप से बिल जमा करवाने के नाम पर लोगो से रूपया लेकर ठगी करता है।




## लवित वार्ष्णेय संभालेंगे वैश्य एकता मंच चंदौसी का अध्यक्ष की कमान, वैश्य को करेंगे संगठित

» **हनी चन्द्रा/ सब का सपना**

**चंदौसी/सम्भल।** रविवार को नगर के सीता रोड स्थित ज्योति लाल धर्मशाला में वैश्य एकता मंच के विस्तार हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष श्रीमती लता वार्ष्णेय जी उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत पालिका अध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन करके की गई, तत्पश्चात बच्चों द्वारा गणेश वंदना पर प्रस्तुति करके उपस्थित लोगों का मनमोह लिया।

कार्यक्रम में सर्वसम्मिति से लवित वार्ष्णेय को वैश्य एकता मंच चंदौसी का अध्यक्ष मनोनीत किया गया साथ ही आकाश वार्ष्णेय एवं तुषार क्रिस्टल को महामंत्री, मयंक वार्ष्णेय और दीपेश वार्ष्णेय को उपाध्यक्ष, इशांक गोयल को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया।



कार्यक्रम में वैश्य एकता मंच के विधि सलाहकार एड प्रवीण गुप्ता द्वारा कहा गया कि वैश्य एकता मंच का उद्देश्य निरतंर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करना एवं असहाय, गरीब लोगों की मदद करना है।

इस मौके पर वैश्य एकता मंच के संरक्षक के रूप में समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी, सचिन मेंथा, अंकित जैन, भुवनेश घी, मनोज कुमार गुप्ता, क्षितिज गुप्ता, सागर गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में कौशल किशोर, मानस अग्रवाल, एड निशांत वार्ष्णेय, दुर्गा टंडन, अभिषेक गुप्ता, प्रमोद गुरु, रितिक वार्ष्णेय, पराग वार्ष्णेय, प्रखर रघु वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, कृष्णा वार्ष्णेय, गर्पित, हेमंत वार्ष्णेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### घरेलू व अंतर्राष्ट्रीय समर्थन से मिली मजबूती




दशकों से पाक पोषित आतंकवादियों के हमले झेल रहे भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर व पाकिस्तान में सधे-सटीक मिसाइल हमले करके आतंक की पाठशालाएं धवस्त कर दीं। 'ऑपरेशन सिंदूर' से बौखलाए पाक ने भारत के एक दर्जन से अधिक शहरों पर जो जवाबी हमले किए, भारतीय प्रतिरक्षा तंत्र ने उन्हें नाकाम कर दिया। दरअसल, भारत कई मोर्चों पर सधी चाल चल रहा है। पहलगाम हमले के बाद भारत सरकार ने सेना के तीन अंगों के प्रमुखों, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व विभिन्न हितधारकों से लगातार संपर्क बनाकर कारगर रणनीति की रूप-रेखा बनायी। ताकि पाक के सैन्य प्रतिष्ठानों व नागरिकों को हमले से कोई बड़ा नुकसान न हो। लेकिन भारत की सीमित कार्रवाई को जवाब देने में पाकिस्तान जल्दबाजी कर गया। हालांकि, देश के कुछ बड़े शहरों को युद्धक विमानों और ड्रोन के जरिये निशाना बनाने का पाक अभियान हमारी कई परतों वाली सुरक्षा तकनीक से विफल हो गया। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शीर्ष सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करके युद्ध की रणनीति पर लगातार विचार करते रहे। इसी तरह सूचना व मनोवैज्ञानिक युद्ध के जरिये पाक को पस्त किया गया। उसके कई हवाई जहाज व दर्जनों आयातित ड्रोन भारतीय सुरक्षा की परतों को नहीं भेद पाये। वहीं दूसरी ओर, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुनिया में अपने समकक्षों से संपर्क साध करके आतंकवाद के पोषक पाक को बेनकाब किया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दो टूक कहा कि वह भारत-पाक संघर्ष के बीच नहीं आएगा। वहीं अमेरिकी विदेश मंत्री ने पाक प्रधानमंत्री से बात कर संघर्ष को विस्तार देने से बचने का आग्रह किया। दरअसल, चीन व तुर्की को छोड़कर दुनिया के तमाम बड़े मुल्क आतंक से प्रभावित भारत के पक्ष में खड़े नजर आए हैं। वहीं सऊदी अरब के उपविदेश मंत्री अदेल अलीजुबैर और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची गुरुवार को दिल्ली पहुंचे। जिन्हें पहलगाम हमले के बाद की स्थितियों से अवगत कराया गया। भारत ने आतंक को बढ़ावा देना बंद न करने तक बातचीत से इनकार किया।

मोदी सरकार, सुरक्षा से जुड़े तमाम विभागों तथा सेना के तीनों अंगों ने बेहतर तालमेल के साथ ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद पाक द्वारा किए हमलों को विफल बनाने के लिये पर्याप्त होमवर्क किया। लगातार बैठकों व संवाद के जरिये इस चुनौती के मुकाबले की रणनीति को अंजाम दिया। जिससे देश के जनमानस का भरोसा बढ़ा कि देश सही हाथों में है। अब तक भारत पाक पोषित आतंकवादी हमलों के बाद सिर्फ कूटनीतिक स्तर पर कार्यवाही की कोशिश करता रहा है। ऐसी स्थिति मुंबई हमले, संसद पर हुए हमले तथा पठानकोट एयर बेस पर हुए हमलों के बाद सामने आई। भारत सबूतों के आधार पर वैश्विक संगठनों से कार्रवाई की मांग करता रहा है।

# भारत ने हमला नहीं, जवाबी कार्रवाई की है




» उमेश चतुर्वेदी
लेखक- वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं

**भारत ने काफी सावधानी से इन स्थलों को चुना और मिसाइल एवं ड्रोन के जरिए निशाना बनाया। भारत की कोशिश यह रही कि उसकी कार्रवाई की जद में सामान्य नागरिक ना आएं। लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना।**

चाहे दुश्मन की हों, या अपनी, सेनाएं हमेशा चौकस रहती हैं। ऐसे में छह और सात मई की दरमियानी रात भारतीय सेनाएं जिस तरह पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर की नौ जगहों पर सफल निशाना साधने में कामयाब रहीं, उससे पाकिस्तान की सेना, उसकी चौकसी और चीन से खरीदे उसके चौकसी वाले तंत्र पर सवाल उठता है। भारत ने यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को बहे बेगुनाह खूनों के जवाब में किया। भारत के खबरिया टीवी चैनल अक्सर ही जल्दबाजी में रहते हैं। उनके यहां सोच-विचार की प्रक्रिया की गुंजाइश कम है। शायद यही वजह है कि भारतीय कार्रवाई को उन्होंने पाकिस्तान पर हमला बताने में देर नहीं लगाई। लेकिन यह ध्यान रखने की बात है कि हमला एक तरह से युद्ध की शुरुआत होता। इस लिहाज से देखें तो भारत ने जवाबी कार्रवाई की है, हमला नहीं। क्योंकि भारत ने अपनी तरफ से शुरूआत नहीं की है।

इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम में बहाए गए बेगुनाह खूनों के चलते देश में गुस्से की लहर थी। पहलगाम में आतंकियों ने जिन 26 बेगुनाह लोगों का खून बहाया, उनमें एक नेपाली नागरिक भी था। हैरत की बात यह है कि इन बेगुनाहों खून बहाते वक्त आतंकियों ने बाकायदा उनसे नाम पूछा, उन्हें कुरान की आयत और कलमा पढ़ने को बोला। यहां तक कि उनके वस्त्र उतारकर



उनके अंदरूनी अंगों को देखा और हिंदू होने की तसल्ली होते ही बिना वजह गोलियों सो उड़ा दिया। उसमें दो ऐसी महिलाएं विधवा हुईं, जिनके माथे पर कुछ ही दिनों पहले सिंदूर का तेज शामिल हुआ था। आतंकियों ने धर्म के नाम पर इन महिलाओं का सुहाग उजाड़कर सिर्फ इन महिलाओं और उनके परिवारों को सूना ही नहीं किया, बल्कि भारतीय सहनशक्ति को चुनौती दे दी। भारत में गुस्से की लहर उड़ना स्वाभाविक था। बिहार के मधुबनी में एक सभा में प्रधानमंत्री मोदी का कहना कि सुहाग उजाड़ने वाले आतंकियों का पीछा करके उन्हें खोजकर मिट्टी में मिला दिया जाएगा, उस गुस्से की ही अभिव्यक्ति थी। उसी अभिव्यक्ति को भारतीय सेनाओं ने बीती छह और सात मई की आधी रात को एक बजकर पांच मिनट से डेढ़ बजे के बीच जमीनी हकीकत बना दिया। इस हमले में पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित मौलाना मसूद अजहर का केंद्र भी रहा, जिसने थोक के भाव से आतंकियों को पैदा किया और भारत निर्यात किया है। जिसमें 26 नवंबर 2008 को मुंबई को खून से लाल कर देने वाले अजमल कसाब और उसका षडयंत्र रचने वाले रिचर्ड हेडली भी शामिल थे।

भारत ने काफी सावधानी से इन स्थलों को चुना और मिसाइल एवं ड्रोन के जरिए निशाना बनाया। भारत की कोशिश यह रही कि उसकी कार्रवाई की जद में सामान्य नागरिक ना आएं। लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना। दिलचस्प यह है कि उसने आतंकी ठिकानों को नागरिक ठिकाने बताना शुरू किया। इसके साथ ही उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने यह भी बताना तेज कर दिया कि भारत ने मासूमों को निशाना बनाया है। फिर उसने आतंकवादी कार्रवाई पर साझा जांच का प्रस्ताव रखा। लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसे स्वीकार नहीं किया है।

पाकिस्तान एक तरफ जहां खुद को प्रताड़ित बता रहा है, वहीं वह सात-आठ मई की रात से लगातार भारतीय क्षेत्रों में हमला कर रहा है। दुखद बात यह है कि वह खुद भारतीय क्षेत्र में नागरिक ठिकानों और घरों को निशाना बना रहा है। कश्मीर सीमा पर पुंछ में उसने एक गुरूद्वारे पर हमला किया, जिसमें रागी समेत चार लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान लगातार भारत के सैनिक ठिकानो पर हमला कर रहा है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक वह तकरीबन पूरी पश्चिमी सीमा पर मिसाइल, मोर्टार, ड्रोन और हवाई हमले कर चुका है। उसने चंडीगढ़, जैसलमेर, बाड़मेर, उरी, अखनूर, पहलगाम, जम्मू, लेह, सर क्रीक, भुज समेत तमाम सैनिक ठिकानों पर निशाना साधने की कोशिश कर चुका है। यह बात और है कि भारत की जवाबी कार्रवाई में उसके तकरीबन सभी प्रयास नाकाम कर दिए गए। दिलचस्प यह है कि पाकिस्तान के इन हमलों को निष्फल करने वाली आकाश मिसाइल को भारत की अपनी स्वदेशी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने बनाया है। भारत ने उनके तीन सैनिक ठिकाने जहां तबाह किए हैं, वहीं उसको लगातार जवाब दिया जा रहा है।

भारत को अपने षडयंत्र का निशाना बनाने वाले भारतीय मूल के आसिफ मुनीर लगातार हालात को बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। सुनने में भले ही अजूबा लगे, भारत के खिलाफ आतंकी युद्ध के पीछे भारत से पाकिस्तान गए लोगों का ही हाथ रहा...ठीक 26 साल पहले पाकिस्तान ने सियाचिन इलाके में घुसपैठ के जरिए हम पर करगिल का युद्ध थोप दिया था.. उस युद्ध के पीछे जनरल परवेज मुशर्रफ का हाथ था..पाकिस्तान जाने से पहले परवेज का परिवार दिल्ली के चांदनी चौक में रहता था..पहलगाम की नृशंस आतंकी कार्रवाई का षडयंत्र किस्तान के जनरल आसिफ मुनीर ने रचा। यहां जानना जरूरी है कि आसिफ का परिवार भी भारत से पाकिस्तान गया था..बंटवारे से पहले आसिफ का परिवार जालंधर में रहता था..

भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान लगातार मुंह की खा रहा है। इसके बावजूद वह दुष्प्रचार के जरिए अपनी डींगें हांक रहा है। पाकिस्तान अपने लोगों को लगातार बता रहा है कि उसकी सेनाओं ने भारत की सेना या वायुसेना को इतना नुकसान पहुंचाया। जबकि उसके ये दावे कोरे झूठ हैं।

इस लिहाज से देखें तो भारत दो मोर्चों पर जूझ रहा है..पहला मोर्चा जहां सैनिक है, वहीं दूसरा मोर्चा सूचनाओं का है..अरब क्रांति के दौरान देवता के रूप में उभरा सोशल मीडिया अब देवता और दैत्य-दोनों ही भूमिकाओं में है..पाकिस्तान इन दिनों सोशल मीडिया की दैत्य वाली भूमिका का खूब उपयोग करते हुए भारत के बारे में लगातार गलत सूचनाएं दे रहा है..अपनी सेनाओं की झूठी कामयाबियों को इसी के जरिए वह फैला रहा है। भारत पर आरोप लगा रहा है कि भारतीय सेनाएं रिहायशी इलाकों और धार्मिक स्थानों पर हमला कर रही हैं.

## मुद्दा

# इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को निभानी होगी जिम्मेदार मीडिया की भूमिका

» डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

सच ही कहा है कि अति उत्साह में कभी भी संयम नहीं खोना चाहिए। ऑपरेशन सिन्दूर और उसके बाद की हालातों को जिस तरह से टीवी चैनलों द्वारा सनसनीखेज बनाकर प्रस्तुत किया जा रहा है भले ही इससे इन चैनलों की टीआरपी में बढ़ोतरी हो जाए पर यह किसी भी हालत में एक जिम्मेदार मीडिया की भूमिका नहीं हो सकती। आज देशवासी सही तस्वीर देखने को तरस गए हैं। कोई चैनल पाकिस्तान के किसी स्थान पर कब्जे की बात करता है तो कोई चैनल पाकिस्तान की सीमाओं में भारतीय सेना के प्रवेश की बात करता है। कोई चैनल कुछ और सनसनीखेज तस्वीर बताता है। यह सब ऑपरेशन सिन्दूर के अगले दिन रात के प्रसारणों से खासतौर से देखने को मिला। ठीक है देशभक्ति का जज्बा है और ऑपरेशन सिन्दूर से प्रत्येक देशवासी अपने आप को गर्वान्वित महसूस कर रहा है। हमारी सेना, हमारे सैनिकों और राजनीतिक नेतृत्व को लेकर प्रत्येक देशवासी में अति उत्साह और लबालब विश्वास है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस दौर में देश के प्रिन्ट मीडिया ने अपनी भूमिका सही तरीके से निभाई है। सवाल यही है कि क्या चैनलों या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का एकमात्र उद्देश्य गंभीर से गंभीर मुद्दे को सनसनीखेज ही बनाना है। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि केन्द्र सरकार को बार बार एडवाइजरी जारी करनी पड़ रही है तो आमजन समझ ही नहीं पा रहे कि वास्तविकता क्या है?

एक समय था जब आकाशवाणी की अपनी विश्वसनीयता रही। सरकारी प्रसारण होने के बावजूद घड़ी का समय मिलाने से लेकर नियतकालीन न्यूज प्रसारण समय पर लोग सब कुछ काम छोड़कर या फिर चौराहे की पान-चाय की दुकान पर जम जाते थे। प्रातः 8 बजे, रात पौने नो बजे व स्थानीय समाचारों के लिए निर्धारित समय पर लोग समाचार सुनने का बेसब्री से इंतजार करते थे। विश्वसनीयता यह कि सरकार विरोधी आंदोलनकारी भी सरकारी आकाशवाणी केन्द्रों से प्रसारित समाचारों पर पूरा पूरा विश्वास करते थे। यही कारण था कि समाचारों की विश्वसनीयता होती थी। दूरदर्शन का आंरभिक दौर भी इसी तरह का रहा है। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचारों की वह गौरवशाली परंपरा इतिहास की बात हो गई है। 1956, 1962 या 1971 का युद्ध हो सभी की निगाहें समाचार बुलेटिनों पर रहती थी तो समय की मांग को देखते हुए देशभक्ति पूर्ण गीतों, कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता था। समय का बदलाव देखिये कि टीवी चैनलों की टीआरपी दौड़ सत्य दिखाने के स्थान पर भ्रम का जाल बुनने लगती है। सोशियल मीडिया पर यह आरोप आम है पर समाचार टीवी चैनल तो दो कदम आगे हो गए हैं।

समूचे देश के लिए गर्व की बात है कि आज सरहद के मोर्चे पर हो या कूटनीतिक मोर्चे पर हमारी रणनीति पूरी तरह से सफल है। हमारी सेना और सैनिक पाकिस्तान के हर कूटरचित कदमों को विफल करने में सफल हो रही है। पाकिस्तान द्वारा सीमावर्ती इलाकों और नागरिक क्षेत्रों में की जा रही सैन्य गतिविधियों को अंजाम देने के कुत्सित प्रयासों को पूरी तरह से विफल किया जा रहा है वही लगभग सभी द्रोण हमलों को विफल किया जा रहा है। पाकिस्तान अब पूरी तरह कुंठित देश हो गया है और आज तुर्की और चीन को छोड़कर कोई देश पाकिस्तान के पक्ष में आने को तैयार नहीं है। पहलगाम की घटना के बाद से पाकिस्तान एक के बाद एक गलतियां कर रहा है और आतंकवादी के जनाजे में सैनिकों द्वारा शामिल होना उसके आतंकवादियों से जुड़ाव को स्पष्ट कर देता है। अब पाकिस्तान ने अपनी तरफ से इकतरफा भारत के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी गई है अपितु परमाणु बम विस्फोट की धमकी दी जा रही है। पर जिस संयमित तरीके से भारत द्वारा पाकिस्तान के हर आक्रमण और कदम को विफल किया जा रहा है वह देश के लिए गर्व की बात है।

## पर्सनालिटी

# महाराणा प्रताप को कहा जाता है देश का पहला 'स्वतंत्रता सेनानी'

**मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप का जन्म 09 मई को हुआ था। मुगलों के खिलाफ कई युद्ध लड़े थे और मुगल सम्राट अकबर को युद्ध की भूमि में कई बार टक्कर दी थी। महाराणा प्रताप ने मुगल शासक अकबर के सामने कभी घुटने नहीं टेके।**

09 मई को मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को महान वीर योद्धा महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। उन्होंने मुगलों के खिलाफ कई युद्ध लड़े थे और मुगल सम्राट अकबर को युद्ध की भूमि में कई बार टक्कर दी थी। महाराणा प्रताप ने मुगल शासक अकबर के सामने कभी घुटने नहीं टेके। महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरता की कहानी इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों से लिखी है। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

राजस्थान के मेवाड़ में 09 मई 1540 को महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। वह प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। वह महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। मुगलों द्वारा बार-बार हुए हमलों से महाराणा प्रताप ने मेवाड़ की रक्षा की। उन्होंने कभी भी अपनी आन-बान और शान के लिए कभी समझौता नहीं किया। चाहे जितनी विपरीत परिस्थिति क्यों न हो, वह कभी हार नहीं मानते।



### हल्दीघाटी का युद्ध

हल्दी घाटी में 1576 को महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच युद्ध हुआ था। महाराणा प्रताप ने अपनी 20 हजार सैनिक और सीमित संसाधनों के बल पर अकबर की 85 हजार सैनिकों वाली विशाल सेना से कई वर्षों तक संघर्ष किया। यह युद्ध 3 घंटे से अधिक समय तक चला था। इस युद्ध में जख्मी होने बाद भी वह मुगलों के हाथ नहीं आए।

### जंगलों में छिप गए थे

महाराणा प्रताप कुछ साथियों के साथ जंगल जाकर छिप गए। वहीं जंगलों में कंद-मूल फल खाकर लड़ते रहे। फिर यही से वह सेना को जमा करने में जुट गए। लेकिन तब तक मेवाड़ के मारे गए सैनिकों की संख्या 1,600 तक पहुंच गई थी। वहीं मुगल सेना में 350 घायल सैनिकों के अलावा 3500 से लेकर 7800 सैनिकों की जान चली गई। वहीं 30 सालों के लगातार प्रयास के बाद भी मुगल शासक अकबर महाराणा प्रताप को बंदी नहीं बना सका। ऐसे में अकबर को महाराणा प्रताप को पकड़ने का ख्याल अपने दिल से निकालना पड़ा।

### मृत्यु

19 जनवरी 1597 को महाराणा प्रताप का निधन हो गया। बताया जाता है कि महाराणा की मृत्यु पर अकबर की भी आंखें नम हो गई थीं।

## आज का इतिहास

### 12 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1999 - रूस के उपप्रधानमंत्री सर्गेई स्तेपनिश कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त, अमेरिकी वित्तमंत्री रोबर्ट रूबिन का अपने पद से इस्तीफ़ा।
2002 - मिस्र, सीरिया व सऊदी अरब ने पश्चिम एशिया मामले में शांति समझौते की इच्छा जताई।
2007 - पाकिस्तान के कराची शहर में हिंसा।
2008 - जजों की बहाली के मुद्दे को लेकर कोई समझौता न होने के कारण पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ ने साझा सरकार से हटने का निर्णय लिया। चीन में आये भीषण भूकम्प से हज़ारों लोग मारे गये।
2010 - बिहार के चर्चित बथानी टोला नरसंहार मामले में भोजपुर के प्रथम अपर ज़िला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार श्रीवास्तव ने तीन दोषियों को फाँसी तथा 20 को आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई।

### 12 मई को जन्मे व्यक्ति

2002 - सौरभ चौधरी - भारतीय निशानेबाज़ हैं।
1989 - शिखा पांडे - भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ी हैं।
1982 - मारगनी भरत - राजमुंदरी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र, आंध्र प्रदेश से 17वीं लोकसभा के सांसद हैं।
1980 - ऋषि सुनक - भारतीय मूल के ब्रिटिश राजनेता हैं।
1945 - के. जी. बालकृष्णन - भारत के 37वें मुख्य न्यायाधीश थे।
1944 - घनश्याम नायक - भारतीय फिल्म और टेलीविजन अभिनेता थे।
1933 - नंदू नाटेकर - पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थे, जिन्होंने इंटरनेशनल खिताब जीता था।
1875 - कृष्णचन्द्र भट्टाचार्य - प्रसिद्ध दार्शनिक, जिन्होंने हिन्दू दर्शन पर अध्ययन किया।
1895 - जे. कृष्णमूर्ति, एक दार्शनिक तथा आध्यात्मिक विषयों के बड़े ही कुशल एवं परिपक्व लेखक थे।
1820 - फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल - 'आधुनिक नर्सिंग आन्दोलन की जन्मदाता' एक नर्स थीं।
1954 - के. पलानीस्वामी- राजनीतिज्ञ एवं तमिल नाडु के 13वें मुख्यमंत्री।



1917 - सीता देवी (महारानी) - बड़ौदा की महारानी थीं।

### 12 मई को हुए निधन

2015 - सुचित्रा भट्टाचार्य - बांग्ला भाषा की प्रसिद्ध महिला उपन्यासकार थीं।
1993 - शमशेर बहादुर सिंह, हिन्दी कवि।

## आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# वन विभाग की जमीन पर अवैध तरीके से किया गया कब्जा

## वन विभाग व राजस्व की टीम ने चलवाया बुलडोजर, हटाया गया अवैध कब्जा

» सब का सपना संवाददाता

**हसनपुर/अमरोहा:** तहसील के विकासखंड गंगेश्वरी के अंतर्गत छपना में वन विभाग की जमीन है जहां पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर व पूर्व ग्राम प्रधान दिमाग सिंह सहित कुछ लोगों ने बबुल के पेड़ों को काटकर वन विभाग की जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण शुरू कर दिया था। जिसे अब वन विभाग व राजस्व की टीम ने ध्वस्त करा दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक हसनपुर अलीगढ़ मार्ग पर स्थित ग्राम छपना में वन विभाग की भूमि है जिस पर गंगेश्वरी विकासखंड के पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर, यशपाल सिंह व छपना के पूर्व ग्राम प्रधान दिमाग सिंह सहित कुछ लोगो के द्वारा वन विभाग की जमीन में से बबुल के पेड़ों को काटकर कुछ जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया था। जिसकी



जानकारी वन विभाग प्रशासन को लगी तो उन्होंने राजस्व टीम को मौके पर बुलाकर गांव के मानचित्र व वन विभाग के मानचित्र

- करोड़ों रुपए की जमीन पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित पांच लोगों पर मुकदमा पंजीकृत

से मिलान करके पाया कि वह जमीन वन विभाग की है।

जिस पर पूर्व ब्लाक प्रमुख व पूर्व ग्राम प्रधान ने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है वन विभाग की टीम व राजस्व प्रशासन के द्वारा बगैर देरी किए थाना रहरा पुलिस को साथ लेकर वन विभाग की जमीन पर अवैध तरीके से किए गए बाउंड्री वाल को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त कराया गया वहीं वन विभाग के द्वारा पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर व पूर्व ग्राम प्रधान दिमाग सिंह, कुलदीप, कुंवरपाल सिंह, सुखवीर, व एक अन्य पर वन विभाग की टीम के द्वारा थाना रहरा मे मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।

# जिलाधिकारी ने किया बृहद नन्दी बिहार गौशाला गुरैठा का निरीक्षण

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा विकासखंड गंगेश्वरी के बृहद नन्दी बिहार गौशाला गुरैठा का निरीक्षण किया गया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने हरा चारा भूसा खली चोकर पानी की व्यवस्था अतिरिक्त टीन शेड और गर्मी के दृष्टिगत गोवंश के व्यवस्थित तरीके से रखरखाव किया जा रहा है या नही सहित अन्य व्यवस्थाओं को मौके पर जाकर देखा गया।

जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देशित करते हुए कहा की गर्मी के दृष्टिगत पशुओं का विशेष ध्यान दिया जाए समय-समय पर पानी चारा का ख्याल रखा जाए गर्मी से किसी भी पशु को दिक्कत ना हो यह सुनिश्चित करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने खली चोकर गोदाम में पहुंचकर उपलब्धता का परीक्षण किया और गोवंश को भूसे के साथ हरा चारा और खली चोकर मिलाकर अवश्य दिए जाने के निर्देश दिया। जिला अधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित हो किसी भी गौ वंश को गर्मी के दृष्टिगत कोई भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए । कहा कि भूसा के साथ हरा चारा खली चोकर मिलाकर अवश्य





- गर्मी के दृष्टिगत पशुओं की बेहतर देखभाल किये जाने के दिऐ निर्देश

दिया जाए। कहा गर्मी में समय-समय पर पशुओं को पानी अवश्य दिया जाए कोई भी पशु बीमार नहीं रहना चाहिए त्वरित इलाज पशुओं को दिया जाना चाहिए। कोई भी पशु धूप में नहीं बांधा रहना चाहिए इसके लिए अतिरिक्त शेड की व्यवस्था किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक मायाशंकर यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी गौशाला संरक्षक सचिव मौजूद रहे।

# पूर्व छात्र परिषद ने किया जिले में स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों का सम्मान

» हनी चन्द्रा/ सब का सपना

**चंदौसी/सम्भल।** नगर में स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर इंण्टर कॉलेज हनुमानगढ़ी चन्दौसी सम्भल में विद्यालय की पूर्व छात्र परिषद् इकाई ने जिले में स्थान प्राप्त करने वाले इसी विद्यालय के भैया- बहिनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्ष विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरपाल सिंह ने की। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट हृदेश यादव ने जिले में मिले स्थान प्राप्त करने वाले सभी भैया - बहिनों को पूर्व छात्र परिषद् की ओर से शुमकामनाएँ दी तथा कार्यक्रम में उपस्थित सभी भैया- बहिनों को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के आवश्यक बिन्दुओं पर मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र परिषद के उपाध्यक्ष मंयक वार्ष्णेय, उपमंत्री मुकुल शर्मा , उपकोषाध्यक्ष ऋतिक वार्ष्णेय,




मीडिया प्रभारी तुषार वार्ष्णेय, सदस्य विवेक चौघरी तथा विद्यालय के पूर्व छात्र परिषद के संयोजक आचार्य महेंद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रभारी सुरेश चन्द्र ने किया तथा सभी आगन्तुक पदाधिकारीयों का अपना कीमती समय देने के लिये विद्यालय की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त भैया- बहिन एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# 23.92 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन आश्रम पद्धति विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

## कार्य की गुणवत्ता सही करने और विद्यालय के निर्माण में तीव्रता लाने के दिऐ निर्देश

» सब का सपना संवाददाता

**अमरोहा:** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स द्वारा तहसील हसनपुर के सुहात में 23.92 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन आश्रम पद्धति विद्यालय के कार्यों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने ऑडिटोरियम प्रशासनिक भवन, कंप्यूटर केमिस्ट्री भौतिकी लैब टाइप वन, टाइप टू,श्री आवास, कक्षाएं सड़क बाउंड्री वॉल किचन सहित अन्य कराए जाने वाले कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य दाई संस्था के प्रतिनिधि से नक्शे को देखकर आवश्यक जानकारी ली। कार्य पूर्ण होने की निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न होने पर जिलाधिकारी ने



कार्यदायी संस्था पर नाराजगी व्यक्त किया और तीव्रता के साथ कार्य कराने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा की गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए और कार्य में तीव्रता लाई जाए अधिक से अधिक मजदूर लगाकर कार्य का अंतिम रूप दिया जाए। जिला अधिकारी ने निरीक्षण कर खाली पड़ी जमीन पर किचेन गार्डन बनवाने के निर्देश दिया। कहा कि विद्यालय को साफ सुथरा सुंदर और भव्य बनाया जाए कहा कोई भी लापरवाही ना हो । आश्रम पद्धति विद्यालय में 6 से 12 तक की कक्षा चलेंगी जिसमें 490 बच्चों की क्षमता है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद जिला समाज कल्याण अधिकारी पंखुड़ी जैन कार्य दाई संस्था के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# पति पत्नी के आपसी पारिवारिक विवादों को सुलह समझौता केंद्र की मदद से सुलझाया

» सब का सपना संवाददाता

**बहजोई/संभल।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में पुलिस क्षेत्रअधिकारी आलोक कुमार सिद्धू तथा सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई ।

जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी पारिवारिक विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल 94 पत्रावलियों को सुनकर 35 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया जिसमें से दो पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 12 परिवारों को मिलाया गया तथा 19 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद की गई इस अवसर पर विधि परामर्दता काउंसलर लव



मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा काउंसलर संगीता भार्गव कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल ने चीन के प्रोडक्ट का किया बहिष्कार

» हनी चन्द्रा/ सब का सपना

**चंदौसी/संभल।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल द्वारा युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी के नेतृत्व में महाजन मोहल्ले के चौराहे पर चीन के प्रोडक्ट का बहिष्कार कर चीन व पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की युवा प्रदेश मंत्री शाह आलम मंसूरी ने कहा की पाकिस्तान जो आतंकवादियों का गढ़ है जो हमेशा हिंदुस्तान पर आतंकवादी गतिविधियां करता रहता है जिसका मुंह तोड़ जवाब हमारी भारतीय सेना ने पाकिस्तान के ऊपर हमला करके दिया था।




सबसे ज्यादा पाकिस्तान की मदद करने वाला चीन है जबकि हिंदुस्तान में चीन के प्रोडक्ट खूब धड़ल्ले से बिक रहे हैं यह भी एक देशभक्ति है कि अगर हम बॉर्डर पर जाकर दुश्मनों का मुकाबला नहीं कर सकते है तो उस देश के प्रोडक्ट का खुलकर बहिष्कार करना चाहिए और जिससे उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो युवा नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि पाकिस्तान और चीन के प्रोडक्ट और चैनलों पर भारत सरकार को तुरंत रोक लगा देनी चाहिए जिससे पूरी दुनिया में यह संदेश जाए कि हिंदुस्तान के दुश्मन देश का जो साथ देगा उसका हम भारतीय उसके उत्पादकों का खुलकर विरोध करेंगे और बहिष्कार करेंगे।

युवा जिला उपाध्यक्ष उमेर शम्सी ने कहा कि आज बाजारों में सबसे ज्यादा चीन की प्रोडक्ट बिक रही हैं यहां तक की चाइनीस मांझा जो की कई लोगों की मौत का सबब बन चुका है और घातक सिद्ध हो रहा है लोगों के लिए भारत सरकार इस पर रोक लगानी चाहिए व जो पाकिस्तान सीरियल या चैनल चल रहे हैं उन पर भी तुरंत प्रतिबंध लगाया जाए प्रदर्शन करने वालों में शाह आलम मंसूरी, अनुज वार्ष्णेय, उमेर शम्सी, इरफान मंसूरी, नाजिम मलिक, मोहम्मद सद्दाम, अंकित कुमार, विनय बाबू, मोहम्मद इमरान शमसी, अब्दुल रहमान आदि काफी व्यापारी शामिल थे।

# यातायात पुलिस द्वारा चालकों को यातायात नियमों के बारे में बिस्तार से समझाया गया

» सब का सपना संवाददाता

**बहजोई/संभल।** पुलिस अधीक्षक संभल के कुशल निर्देशन और क्षेत्राधिकारी यातायात एवं प्रभारी यातायात के नेतृत्व में चलाए जा रहे यातायात जागरूकता एवं डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान परवाह (Care) के अंतर्गत कस्बा बहजोई में मुख्य आरक्षी सोनू अहलावत के द्वारा यातायात नियमों संबंधी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। वाहन चालकों एवं पैदल यात्रियों को यातायात नियमों के बारे में विस्तार से समझाया।

दो पहिया वाहन पर दो से अधिक सवारी ना बैठे। वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने। सुरक्षित एवं नियमानुसार ओवरटेक न करें ।वाहन चलाते समय मोबाइल फोन



का प्रयोग ना करें। नशे की हालत में या शराब पीकर वाहन ना चलाएं। तेज गति से वाहन ना चलाएं। कार चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट धारण करें।सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के महत्व को समझाया।

आपका जीवन अनमोल है सुरक्षित चलें सुरक्षित रहें। यातायात नियमों एवं सड़क चिन्ह संबंधी पंपलेट वितरित किए।

# गजरौला में बंदूक लहराने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, किया चालान

» कविन्द्र सिंह / सब का सपना

**गजरौला/अमरोहा:** क्षेत्र में बंदूक लहराते हुए युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और संबंधित धारा में चालान कर जनपद न्यायालय को भेज दिया है ।बता दें कि रविवार को गजरौला कोतवाली क्षेत्र में बंदूक लहराते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था ।जैसे ही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। जांच में पाया गया की वीडियो गजरौला हाईवे स्थित पैराडाइज होटल के सामने का है। जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए बंदूक को हवा में लहराने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी देते हुए



चोपला चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार ने बताया कि गजरौला हाईवे पर बंदूक लहराते हुए वीडियो वायरल करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि मुखबिर की सूचना पर आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव निरायावली खादर में छापेमारी की। इस दौरान बंदूक लहराने वाली युवक जितेंद्र पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया गया है ।उसके पास से एक नाली बंदूक बरामद हुई



है। इसके बाद उसका संबंधित धारा में चालान कर दिया है।

## जुबिलेंट बुल्स ने चार विकेट से जीता जुबिलेंट प्रीमियर लीग-2025

# जुबिलेंट चैलेंजर टू की टीम ने 15 ओवर में बनाए 121 रन, विजेता टीम ने छह विकेट गंवाकर 14.01 ओवर में 122 रन बनाए

» कविन्द्र सिंह/ सब का सपना

**गजरौला:** जुबिलेंट प्रीमियर लीग (जेपीएल-2025) का मैच जुबिलेंट बुल्स की टीम ने चार विकेट से जीत लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी अरुण (द्वतीय) को 34 रन बनाने एवं एक विकेट चटखाने पर मैन ऑफ दि मैच का खिताब दिया गया।

रविवार को सादुल्लापुर रोड पर स्थित जुबिलेंट की सैकिंड कालोनी के खेल मैदान में टॉस जीतकर जुबिलेंट चैलेंजर टू की टीम मैदान में उतरी। कप्तान रितेष पांडे की टीम के खिलाड़ी नवीन दुबे ने सर्वाधिक 52





रन बनाए। राज पांडे ने 15 रनों का योगदान दिया। यह टीम 15 ओवर में कुल 121 रनों पर ही सिमट गई। जीत का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरी जुबिलेंट बुल्स की टीम के खिलाड़ी आते ही मैदान पर छा गए। रवि गुप्ता की कप्तानी वाली इस टीम के खिलाड़ी अरुण (प्रथम) ने 42 रन बनाए। सैयाद अहमद ने 16 एवं रविंद्र सिरोही ने 10 रनों का योगदान दिया। टीम ने छह विकेट गंवाकर 14.01 ओवर में 122 रन बनाकर चार विकेट से मैच जीत लिया। विजेता टीम के खिलाड़ी अरुण (द्वतीय) को जुबिलेंट में सुरक्षा एवं प्रशासन विभाग के प्रमुख सतेंद्र कुमार चौधरी एवं जेबीएफ में मेडिकल हेड डा. सुजिंदर फोगाट ने मैन ऑफ दि मैच का खिताब प्रदान किया। मैच के एंपायर विष्णु, सुमित कुमार रहे। स्कोरर सनी प्रताप सिंह एवं कमेंटेटर की भूमिका महेंद्र मौर्य की रही ।इससे पूर्व जुबिलेंट के यूनिट हेड विनोद झा एवं निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर जेएएसीपीएल में एचआर हेड ऋषिपाल सिंह परमार , मैदान एवं मैच प्रबंधन समिति के सुनील तिवारी, रविंद्र देवल, अनंत चौहान आदि मौजूद रहे।

# ठीगरी रिंग रोड पर मिनी अंडरपास बनाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

### एनएचआई के खिलाफ भड़के ग्रामीण, सांसद व क्षेत्रीय विधायक से हस्तक्षेप करने की मांग



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** रविवार को मिनी अंडरपास की मांग को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए ठीगरी रिंग रोड पर मिनी अंडरपास बनाने की मांग की है। ठीगरी, लखनपुर, नकटपुरी, आंवला घाट, सिकमपुर पांडे,गुलड़िया, दिलपुरे की मिल्क, खैरखाता, सक्टूनगला, सरकड़ा खास,हमीरपुर सहित दो दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले रिंग रोड को बंद करने पहुंची एनएचआई टीम के खिलाफ सभी गांवों के लोगों ने इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि हम सभी लोग इसी रास्ते से मुरादाबाद को जाते है,अगर ये रिंग रोड बंद हो जाएगा तो सभी लोगों को बहुत परेशानी होगी। उक्त सभी गांवों के किसानों के खेत भी इस रिंग रोड के पास में ही है। जिस पर उक्त सभी किसान अपनी बैलगाड़ी, और इंजन इसी मार्ग को लेकर जाते है। और इसी रास्ते से घर आते है। इस रोड को पीडब्लूडी ने वर्ष 2007 में चयनित किया था। यह रास्ता 20 से 25 गांव को जोड़ने का मैंन रास्ता है। इस रास्ते को रिंग रोड अधिकारी बन्द कर रहे है। और इन सभी गांवों के लोगों को घुमाकर रास्ता दे रहे हैं। उक्त सभी लोगो ने इस बात से नाराज होकर पहले भी जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया गया है।इसमें सभी ग्रामीणों ने बताया कि हम इस रोड को बंद नहीं कराना चाहते हैं। इस रिंग रोड को बंद किए बिना एक मिनी अंडरपास बनवाया जाए। अगर ये रिंग रोड बंद किया जाता है, तो उक्त सभी गांवों के लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ेगा,और किसानों को कृषि कार्य करने में काफी दिक्कतें आएगी।

इस रोड पर होते हुए सभी ग्रामीण कम समय में रामपुर दोराहा होते हुए सीधे मुरादाबाद पहुंच जाते है।ग्रामीणों ने आगे कहा कि अगर अधिकारी इस रास्ते को बंद करते है और हमारी मांग नही मानी तो हम अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे और मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी मांग रखते हुए ज्ञापन सौंपेंगे।

# आपदा प्रबंधन द्वारा मॉक ड्रिल कर लोगो को जागरूक किया गया

### सिविल डिफेंस टीम ने मॉक ड्रिल कराकर आमजनमानस को बचाव की दी जानकारी



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में एसडीएम सदर व क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन्स द्वारा प्रशासनिक व आपदा प्रबंधन अधिकारियों के साथ ब्लॉक मुरादाबाद में संभावित शत्रुतापूर्ण हमलों में नागरिक सुरक्षा एवं बचाव व आपात स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के दृष्टिगत सिविल डिफेंस टीम के माध्यम से मौक ड्रिल करा, मुरादाबाद पुलिस,प्रशासन व आमजनमानस को बचाव हेतु जानकारी दी गई।

आपदा से बचाव को लेकर किया मॉक ड्रिल साथ ही आपातकालीन स्थिति में किस प्रकार से निपट जाए और क्या-क्या व्यवस्थाएं की जाएं। इसके बारे में सभी को बताया गया। आपदा प्रबंधन की टीम के द्वारा मॉक ड्रिल कराकर बताया और सभी को बताया गया कि आप सभी लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें।

सरकारी सूचना पर ध्यान दें। और बचाव कार्य के बारे में ग्राम पंचायत में सभी को जागरूक कर,सायरन बजाने पर जमीन पर लेट जाएं। कान और आंख बंद कर लें।

यदि आग लगने की स्थिति आती है। तब उसको गिले कपड़ा कर भिगोकर उसे आज बुझाएं और यदि किसी को चोट लग जाती है,तो आपातकालीन में स्थिति में तो उनको कैसे अस्पताल पहुंचना है।

इसके बारे में डेमोंसट्रेशन कर दिखाया गया मॉक ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जीवीपी मुक्त अभियान के तहत सफाई कार्य किया गया

**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** स्वच्छता से ही सुंदरता का जन्म होता है। नगर निगम मुरादाबाद द्वारा वार्ड 5, आशियाना और वार्ड 26 , कटघर में जी.वी.पी. मुक्त अभियान के तहत सफाई कार्य सफलतापूर्वक किया गया। साथ ही स्वच्छ भारत अभियान द्वारा स्लोगन देकर आइए हम भी एक कदम आगे बढ़ाएं और मिलकर मुरादाबाद को स्वस्थ, स्वच्छ और शानदार बनाएं। आम-जनमानस से सहयोग व स्वच्छ नगर की अपील की। प्लास्टिक थैली, ग्लास, क्रॉकरी आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी गई। सभी को गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने और दो अलग डस्टबिन के उपयोग की जानकारी दी। कि वे पहले से ही प्लास्टिक की थैलियों की जगह कपड़े की थैलियों का उपयोग कर रहे हैं। परिसर में डस्टबिन की व्यवस्था कर स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। यह अभियान स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

### सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों किया जागरूक,ई रिक्शा चालकों किया सत्यापन



**सब का सपना संवाददाता**

**बिलारी।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में रविवार को थाना बिलारी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक कर शपथ दिलाई गई तथा सड़क सुरक्षा प्रचार प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गई। साथ ही मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना बिलारी पुलिस द्वारा ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन कर ई-रिक्शा चालकों को यातायात नियमो का पालन करते हुये वाहन चलाने की अपील की गई।

### उपनिरीक्षकगणों व बीट कर्मचारीयों के साथ की बैठक



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में थाना प्रभारी कांठ द्वारा अधिकारी,कर्मचारियों के साथ गोष्ठी कर उ0नि0गण का OR लिया एवं उ0नि0गण को विवेचनाओं,प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा बीट प्रभारियों को बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नियमित रूप से अपनी बीट क्षेत्र में भ्रमण करने, बीट बुक को अद्यावधिक रखने के संबंध में दिशा-निर्देश दिये गये ।

# मुगलपुरा पुलिस ने अवैध चरस के साथ एक युवक को पकड़ा



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एवं अपराधियो पर अकुंश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत रविवार को उपनिरीक्षक हरेन्द्र सिंह द्वारा मय हमराह कर्मचारीगण के अभियुक्त रिजवान उर्फ बड्डा पुत्र असदुल्ला उर्फ गुड्डू निवासी लंबी गली फैजगंज थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद को 1152 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त संबंध में थाना मुगलपुरा पर पंजीकृत किया गया। आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया।

# सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के तीन दिवसीय निःशुल्क कैम्प का शुभारम्भ

### पात्रों तक पहुंच रहा है योजनाओं का लाभ : शहर विधायक



**सब का सपना संवाददाता**

**मुरादाबाद।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के शहर विधायक रितेश गुप्ता द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए फ्री कैंप का आयोजन किया गया।

भारतीय जनता पार्टी कटघर मण्डल के वार्ड नं० 44 पीतल बस्ती में विधायक जी द्वारा प्रारम्भ किये गए केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तीन दिवसीय निःशुल्क आवेदन कैम्प लगाकर आम-जनमानस को इसका सीधा लाभ पहुंचाना।

वार्ड के सम्मानित क्षेत्रवासियों ने कैम्प में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। आधार कार्ड, पैन कार्ड, राशन कार्ड आवेदन वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन आवेदन श्रमिक कार्ड,लेबर कार्ड पंजीकरण छात्रवृत्ति एवं शिक्षा संबंधित योजनाएं। प्रधानमंत्री आवास योजना ,उज्ज्वला योजना आवेदन नौकरी व कौशल विकास योजना पंजीकरण अन्य सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी व आवेदन सहायता की गई। इस कैंप में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पुरुषों ने भागीदार होकर कैंप में आवेदन किया।

# एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में लखनऊ टीम बनी चैंपियन



**सब का सपना संवाददाता**

**पीपलसाना।** ब्लॉक भगतपुर टांडा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेकपुर में एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में एलएसजी, लखनऊ की टीम ने चेन्नई हराकर बाजी मारी, तथा सभी खिलाड़ियों को ट्राफी व मैडल के साथ सम्मानित किया गया। तीन टीमों ने हिस्सा लिया था जिसमे केकेआर के कैप्टन मोहम्मद सद्दाम की टीम सेमी फाइनल में हारकर बाहर हो गई थी।

एलएसजी के कैप्टन मोहम्मद जावेद, की टीम ने सीएसके चेन्नई जिसके कैप्टन पप्पू कस्यप को हराकर जावेद की टीम ने पूरे क्षेत्र में नाम रोशन किया, तथा हर वर्ष की तरह इस बार भी एनपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का संचालन मास्टर फिदाअली हुसैन विशेष सिंह कश्यप, तथा मो0 सद्दाम के द्वारा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

इस अवसर पर मो0 जावेद राजू ठाकुर, मो0 रफी, नदीम सलमानी, रंजीत कश्यप, जहीर खान, मो0 मोहसिन, राजकुमार ठाकुर, दिनेश कश्यप, सुबोध कश्यप, मो0 शहनावाज, मो0 सलमान, नितिन कश्यप, सोहित, सैफली, तथा भारी संख्या में ग्रामीण व क्रिकेट टीम के सदस्य मौजूद रहे।

# मारपीट करने व उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के तीन वांछित आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सब का सपना संवाददाता**

**डिलारी।** वादी अशोक कुमार पुत्र डालचन्द निवासी ग्राम कांकरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की नियत से वादी के भाई के सिर में ईट मार कर गम्भीर रूप से घायल कर देने तथा जान से मारने की धमकी देने व इलाज के दौरान वादी की भाई की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में थाना डिलारी पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना डिलारी पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। व0उ0नि0 सुभाषचन्द्र यादव द्वारा पुलिस बल के साथ अभियुक्तगण ब्रजपाल उर्फ छिद्दा पुत्र पूरन सिंह निवासी ग्राम काकंरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद मृदुल उर्फ जयप्रकाश पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम कांकरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद रणवीर सिंह उर्फ राजवीर पुत्र शेर सिंह निवासी ग्राम कांकरखेडा थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से आलाकत्ल एक चोखा,ईट का टुकडा,बरामद किया गया।

# मॉक ड्रिल : ब्लॉक परिसर में एसडीआरएफ टीम ने अभ्यास कराकर आपदा से निपटने की तैयारी

- ईओ नगर पंचायत ने ब्लैक आउट के समय सावधानी बरतने की अपील

**सब का सपना संवाददाता**

**भोजपुर।** रविवार को भगतपुर के ब्लॉक सभागार में नयाब तहसीलदार अंकित गिरी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन अधिकारियों द्वारा संभावित शत्रुतापूर्ण हमलों से नागरिक सुरक्षा एवं बचाव व आपदा स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देने के दृष्टिगत एसडीआरएफ यू.पी.टीम द्वारा मॉक ड्रिल के बचाव के प्रति किया जागरूक रविवार को भगतपुर के ब्लॉक सभागार में नयाब तहसीलदार अंकित गिरी के नेतृत्व में एसडीआरएफ यू.पी.टीम द्वारा ग्राम प्रधानों व आशाओं को मॉक ड्रिल के दौरान जंग की आशंका के चलते हवाई हमलों से बचने के लिए जागरूक किया गया साथ ही मॉक ड्रिल के दौरान ग्रामीणों और ग्राम प्रधानों व आशाओं को हवाई हमलों के परिस्थिति से निपटने के लिए आग पर काबू पाने व घायलों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराए जाने के बारे में बताया गया।





भारत और पाकिस्तान के बीच उत्पन्न तनाव की स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर लोगों को हवाई हमले के प्रति जागरूक करने हेतु मॉक ड्रिल कराई गई।

जिसमें पुलिस, प्रशासन, सुरक्षा एजेंसियों,SDRF यू.पी.टीम द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नयाब तहसीलदार शहर अंकित गिरी ने कहा कि मॉक ड्रिल इस उद्देश्य से की गई है कि हमला होने की स्थिति में समस्त संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए इस प्रकार कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे की कोई भी जनहानि या संसाधन इससे प्रभावित न हो,उन्होंने कहा कि हवाई हमले की स्थिति में सूझबूझ के साथ स्थिति को संभालना है। व सुरक्षित रहने का हर संभव प्रयास करना है। घबराहट, भगदड़ आदि परिस्थितियां उत्पन्न न होने दें। ऐसी परिस्थितियों से बचाव के उपाय के बारे में जागरूक करते हुए हवाई हमले से बचाव हेतु हवाई हमले के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां के विषय में विस्तार से बताया गया। इस दौरान भगतपुर ब्लॉक बीडीओ अमर सिंह, नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह,थाना प्रभारी शरद मलिक,चेयरमैन प्रतिनिध अर्शमान अख्तर, सहित ब्लॉक कर्मचारी व ग्राम प्रधान ,आशाए मौजूद रही।

# मालवन में शिवाजी महाराज की 91 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण



**मालवन (एजेंसी)** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने के करीब नौ महीने बाद रविवार को उसी स्थान पर शिवाजी की 91 फुट ऊंची नयी प्रतिमा का अनावरण किया गया।

पिछली 35 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापना के आठ महीने से भी कम समय में पिछले साल अगस्त में ढह गई थी, जिसके कारण सरकार के खिलाफ व्यापक आक्रोश फैल गया था। उस प्रतिमा का अनावरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार दिसंबर 2023 को नौसेना दिवस समारोह के दौरान किया था। इस प्रतिमा के ढहने के कारण मूर्तिकार-ठेकेदार जयदीप आप्टे को गिरफ्तार कर लिया गया था। मालवन के किले में नयी प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि नयी प्रतिमा किसी भी वातावरण में कम से कम 100 साल तक टिकी रहे। प्रतिमा के रखरखाव का जिम्मा इसे बनाने वालों को दिया गया है।

उन्होंने कहा, ''यह प्रतिमा 91 फुट ऊंची है और इसका आधार 10 फुट ऊंचा है।'' प्रतिमा बनाने का ठेका प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार और अनिल सुतार की फर्म राम सुतार आर्ट क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया, जिसने गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' का निर्माण किया था।

फडणवीस ने कहा कि यह प्रतिमा भीषण तूफानों को झेलने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यह शायद देश में छत्रपति शिवाजी की सबसे बड़ी प्रतिमा है।

फडणवीस ने कहा, ''दुर्भाग्यपूर्ण घटना (प्रतिमा गिरने की) के बाद, हमने फैसला किया था कि किसी भी परिस्थिति में, हम छत्रपति शिवाजी महाराज की एक और भव्य प्रतिमा बनाएंगे।'' उन्होंने कहा कि किले से सटी जमीन को बेहतर सुविधाओं के लिए अधिग्रहित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) के इंजीनियरों और जे जे स्कूल ऑफ आर्ट्स के प्रमुख के साथ मिलकर किया है।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अगस्त 2024 में प्रतिमा ढहने के बाद राज्य सरकार ने ऐसी ही एक प्रतिमा बनाने का संकल्प लिया था और उसी के अनुसार निर्देश दिए गए थे। नयी प्रतिमा में शिवाजी महाराज के हाथ में 29 फुट लंबी तलवार है।

शिंदे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिसंबर 2023 में प्रतिमा का अनावरण किया था। शिंदे ने कहा, ''आज वह (प्रधानमंत्री) यहां नहीं हैं, लेकिन वह देश की रक्षा कर रहे सैनिकों के पीछे मजबूती से खड़े हैं। वह शिव कार्य कर रहे हैं।''

## बनने के एक सप्ताह बाद ही टूटने लगी सड़क

### कार्यदायी संस्था की गुणवत्ता और विभागीय अधिकारियों की निगरानी पर उठने लगे हैं सवाल

सब का सपना संवाददाता



**गोंडा।** मसकनवां चंद्रदीप घाट गौरा चौकी मसकनवा कटरा मार्ग का निर्माण छः दिन पहले हुआ था। सिंगार घाट के पास तेजपुर पम्प के पास सड़क में बड़ी बड़ी दरारें आ कर धंस गयी। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की कमी का मामला प्रकाश में आया है। महज छह दिन पहले सड़क की पेंटिंग किया गया था। तेजपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने नवनिर्मित सड़क में बड़ी दरार आ गई है। इससे राहगीरों को जहां आवागमन में परेशानी हो रही है। निर्माण एजेंसी और विभागीय निगरानी को लोग कोस रहे हैं ।

करीब 21 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की मरम्मत के लिए शासन से कुल 11 करोड़ 69 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसमें से एक करोड़ 27 लाख रुपये की पहली किश्त जारी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ था। लेकिन शुरुआती चरण में ही सड़क की सतह में दरार आना कार्यदायी संस्था की गुणवत्ता और विभागीय अधिकारियों की निगरानी सवाल उठने लगे हैं ।

स्थानीय लोगों ने घटिया गुणवत्ता निर्माण का आरोप लगाया है ।लोगों ने जांच की मांग की है । शिवम पाण्डेय ,शिव कुमार चौधरी, विजय, भोला पाण्डेय, रवि पटेल, सूरज सहित कई लोगों ने बताया कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। लोगों का आरोप है कि सड़क में जम्पिंग है ।ठीक से लेवलिंग नहीं किया गया है । गुणवत्ता पर ध्यान दिया गया। जिससे भारी वाहनों के गुजरते ही सड़क की सतह बैठ गई और दरारें उभर आईं। ग्रामीणों ने मांग की है कि कार्यदायी संस्था की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए और मरम्मत कार्य दोबारा उच्च गुणवत्ता के साथ कराया जाए। अवर अभियंता दिनेश ने बताया कि जहां सड़क में दरार आ गयी है अथवा धंस गयी है। वहां सड़क को पुनः बनाया जायेगा ।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, 11 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रविवार को पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। सरकार ने 11 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले करते हुए नई तैनातियां की हैं। यह निर्णय प्रशासनिक कार्यकुशलता और रणनीतिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। जो इस प्रकार है :
तरुण गाबा, पुलिस आयुक्त प्रयागराज - बनाए गए पुलिस महानिरीक्षक, लखनऊ, जोगेंद्र कुमार - बने पुलिस आयुक्त, प्रयागराज, आशुतोष कुमार- बने अपर पुलिस आयुक्त, कानपुर, उपेंद्र अग्रवाल - बने पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मुख्यालय,
हरीश चंद्र - बनाए गए पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर, संजीव त्यागी - बने पुलिस उपमहानिरीक्षक, कारागार, प्रदीप गुप्ता - बने पुलिस उपमहानिरीक्षक, कारागार प्रशासन, हेमत कुटियाल - बने पुलिस उपमहानिरीक्षक, एसएसएफ लखनऊ
रामबदन दन सिंह - बने अपर पुलिस आयुक्त, आगरा, रमेश प्रसाद गुप्ता - बने सेनानायक, पीएसी मुरादाबाद, अमित कुमार - बनाए गए सेनानायक, 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ।
यह फेरबदल कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और पुलिसिंग में दक्षता बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 4 को रौंदा,एक की मौत, तीन गंभीर

सब का सपना संवाददाता

**पटना(बिहार)** ।नवादा जिले के अकबरपुर प्रखंड में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ ।फुलमा गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने चार लोगों को टक्कर मार दी ।हादसे में भीकमपुर गांव के 55 वर्षीय शिवदान मिस्त्री की मौत हो गई ।घटना शनिवार की रात की है ।चारों व्यक्ति फुलमा गांव के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे ।इसी दौरान एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी ।सभी घायलों को तुरंत प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया ।रविवार को शिवदान मिस्त्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया ।हादसे में मृतक के दामाद उदय कुमार,बेटा सुजीत कुमार और समधी विनोद कुमार भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं ।तीनों का इलाज प्राइवेट अस्पताल में जारी है।

### ओडिशा के मुख्यमंत्री का युवाओं से नागरिक सुरक्षा संगठनों में शामिल होने का आह्वान

**भुवनेश्वर (एजेंसी)** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को युवाओं से देश की सेवा के लिए स्वयंसेवक के रूप में नागरिक सुरक्षा संगठनों में शामिल होने की अपील की। माझी ने कहा कि युवा राष्ट्र की आशा, शक्ति और विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने उनसे राष्ट्रवाद की भावना के साथ नागरिक सुरक्षा संगठनों में शामिल होने के लिए आगे आने की अपील की। वीडियो संदेश में माझी ने कहा, ''देश के आम लोगों की जान-माल की सुरक्षा हम सभीकी जिम्मेदारी है। सुरक्षा और सेवा हमारी सर्वोच्च जिम्मेदारी है।'' उन्होंने कहा, ''इसलिए मैं सभी लोगों, खासकर युवाओं से अपील करता हूं कि वे नागरिक सुरक्षा संगठनों में स्वयंसेवक के तौर पर शामिल हों।'' संबंधित घटनाक्रम में, मुख्यमंत्री ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण संयंत्र के उद्घाटन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को बधाई दी है। माझी ने 'एक्स' पर लिखा,''यह मील का पत्थर भारत की रक्षा क्षमताओं को एक बड़ा बढ़ावा देगा और रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता की दिशा में हमारी यात्रा को मजबूत करेगा।

## गंदगी के ढेर और कंपनी की गैरहाजिरी से बेकाबू लखनऊ, पार्षद परेशान

### चेन्नई की कंपनी 'रैमकी' के आने के बाद बिगड़ी सफाई व्यवस्था, मोहल्लों में कूड़े के ढेर, पार्षदों पर जनता का गुस्सा

सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी में सफाई व्यवस्था एक बार फिर से पूरी तरह चरमरा गई है। चेन्नई की जिस नई निजी कंपनी 'रैमकी' को डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन की जिम्मेदारी दी गई, उसने कामकाज शुरू करते ही पूरे शहर को गंदगी के हवाले कर दिया है।

लाल बहादुर शास्त्री वार्ड-2 के पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने नाराजगी जताते हुए कहा, ₹जब से इस कंपनी को ठेका मिला है, सफाई की पूरी व्यवस्था पटरी से उतर गई है। डोर-टू-डोर कलेक्शन लगभग बंद हो गया है।₹ स्थिति यह हो गई है कि शक्तिनगर, नीलगिरी, कन्वेंशन सेंटर, मीना मार्केट, ब्लॉक ऑफिस, आरईएस गोदाम, कुर्मांचल नगर, मानस विहार और पूरे सर्वोदय नगर क्षेत्र में कई दिनों से कूड़ा नहीं उठाया गया है।

#### पार्षदों पर फूट रहा गुस्सा

पार्षद भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि जनता रोज सुबह उनके सर्वोदय नगर स्थित कार्यालय पर भीड़ लगाकर नाराजगी जताती है। लोग अब कूड़ा बोरियों में भरकर रात के अंधेरे में इधर-उधर फेंक रहे हैं, जिससे नालियों और सड़कों के किनारे गंदगी जमा हो रही है। उन्होंने कहा, स्थिति इस हद तक खराब है कि कई इलाकों में बदबू फैलने लगी है।

#### कंपनी 'हवा में', प्रशासन मौन

आश्चर्य की बात यह है कि नगर निगम प्रशासन पूरी तरह से चुप है और नई कंपनी की नाकामी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पार्षदों के अनुसार, रैमकी कंपनी के पास न तो पर्याप्त संसाधन हैं और न ही अनुभव, फिर भी उसे एक बड़ा जिम्मा सौंप दिया गया।

## केजीएमयू में कम लागत पर पहली रोबोट सर्जरी सफल: मरीज को राहत, नई तकनीक की शुरुआत

सब का सपना संवाददाता



**लखनऊ।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में कम लागत वाली भारतीय रोबोटिक सर्जिकल प्रणाली 'मंत्रा' के माध्यम से इंगुइनल हर्निया का पहला सफल रोबोट असिस्टेड रिपेयर ऑपरेशन किया गया। यह सर्जरी प्रो. डॉ. हरविंदर सिंह पाहवा, डॉ. अजय कुमार पाल (एडिशनल प्रोफेसर), डॉ. हर्ष (रेजिडेंट डॉक्टर), और एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ. विनोद श्रीवास्तव की टीम द्वारा की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति पूरी तरह से स्थिर है और उसे अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

रोबोटिक सर्जरी की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम केजीएमयू के लिए एक नए युग की शुरुआत है। अब तक रोबोटिक सर्जरी तकनीक सिर्फ बड़े निजी अस्पतालों और कुछ गिने-चुने सरकारी संस्थानों तक सीमित थी, लेकिन अब यह आम जनता के लिए भी सुलभ बन रही है। इस प्रणाली की स्थापना कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद और उनकी विशेषज्ञ टीम के प्रयासों से संभव हुई है।

यह तकनीक भारतीय कंपनी एसएसआई मंत्रा द्वारा विकसित की गई है और इसे केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन द्वारा टेली-सर्जरी के लिए भी मान्यता प्राप्त है। रोबोटिक सर्जरी के लाभों में बेहतर सटीकता, 3D विजन और एर्गोनॉमिक्स शामिल हैं, जिससे जटिल ऑपरेशनों में सफलता की संभावना बढ़ती है। फिलहाल कुछ मरीजों को यह सुविधा बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रदान की जा रही है, लेकिन आने वाले समय में इसे अत्यधिक रियायती दरों पर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस तकनीक का लाभ उठा सकें। इसके अलावा, यह प्रणाली सर्जिकल ट्रेनिंग और अनुसंधान के क्षेत्र में भी अहम भूमिका निभाएगी, खासतौर पर पोस्टग्रेजुएट छात्रों के लिए।

## भारत एवं पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनने के बाद पंजाब में शांति कायम

**चंडीगढ़ (एजेंसी)** भारत और पाकिस्तान के बीच जमीन, वायु और समुद्र में सभी तरह की गोलाबारी और सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बनी सहमति के बाद पंजाब में, खासकर राज्य के सीमावर्ती इलाकों में रविवार को शांति रही। अधिकारियों ने लोगों से अपनी सामान्य गतिविधियां बहाल करने और शांति बनाये रखने को कहा है।

सुबह करीब साढ़े आठ बजे, अमृतसर में जिला प्रशासन ने लोगों से अपनी सामान्य दिनचर्या फिर से शुरू करने को कहा।

जालंधर जिला प्रशासन ने भी कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है और लोग अपना कामकाज सामान्य रूप से फिर से शुरू कर सकते हैं। जालंधर के उपायुक्त (डीसी) हिमांशु अग्रवाल ने कहा, ''जालंधर में सब ठीक है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चिंता की कोई बात नहीं है और कामकाम सामान्य रूप से फिर से शुरू किया जा सकता है। सुरक्षा बल लगातार नजर रखे हुए हैं।'' जिला प्रशासन ने हालांकि लोगों से पटाखे नहीं चलाने और ड्रोन न उड़ाने का अनुरोध किया है। अग्रवाल ने कहा, ''अगर इलाके में किसी भी तरह के खतरे की कोई सूचना मिलती है तो हम आपको समय पर सूचित करेंगे और तत्काल कदम उठाएंगे।'' अमृतसर में उपायुक्त साक्षी साहनी ने पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर के साथ शहर और बाजारों का चक्कर लगाया। उपायुक्त ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अमृतसर के बहादुर और दृढ़निश्चयी लोगों का धन्यवाद। हमें इस बात पर बहुत गर्व है कि आप में से प्रत्येक ने किस तरह बहादुरी, धैर्य और एक-दूसरे तथा प्रशासन पर भरोसे के साथ स्थिति का सामना किया। आपको एक सुखद दिन की शुभकामनाएं- अपने रविवार का आनंद लें।''

कई स्थानीय लोगों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में बढ़े तनाव के दौरान, पर्यटकों से भरे रहने वाले अमृतसर में सैलानियों की संख्या में गिरावट देखी गई है।

इस बीच, पाकिस्तान के साथ 553 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करने वाले पंजाब में लोगों को सामान्य कामकाज करते देखा गया। खासकर अमृतसर, पठानकोट और फिरोजपुर जैसे सीमावर्ती जिलों में सुबह की सैर कर रहे लोगों ने देश के सशस्त्र बलों को धन्यवाद दिया।

अमृतसर निवासी अमरजीत सिंह ने कहा, ''यह हमारी सेनाओं की वजह से है कि आप हमें आज बिना किसी डर के यहां देख रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में हमने देखा कि पाकिस्तान ने पंजाब और कुछ अन्य राज्यों के कई हिस्सों को निशाना बनाकर कैसे ड्रोन हमले किए।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन हमारी बहादुर सेना ढाल बन गयी और उसने उनके दुस्साहस को विफल कर दिया। उन्होंने आतंकवाद के अपराधियों को कड़ा जवाब दिया और 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत आतंकवादी शिविरों को नष्ट कर दिया। अब जब एक सहमति बन गई है तो हम उम्मीद करते हैं कि शांति बनी रहेगी लेकिन अगर पाकिस्तान फिर से कोई दुस्साहस करता है तो उसे कड़ा जवाब दिया जाएगा।''अमृतसर के एक अन्य निवासी पवन कुमार ने कहा कि तनाव के दिनों के बाद हालात सामान्य हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''पिछले कुछ दिनों में तनावपूर्ण स्थिति के कारण अमृतसर में पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी गई।

## ऑपरेशन सिंदूर के बारे में आपत्ति जनक स्टेटस लगाने के आरोप में महिला के खिलाफ मामला दर्ज




**मुंबई (एजेंसी)** भारतीय सशस्त्र बलों के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक स्टेटस लगाने के आरोप में मुंबई की 40 वर्षीय एक 'ब्यूटीशियन' के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत एक प्राथमिकी दर्ज करके ब्यूटी पार्लर चलाने वाली महिला को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है।

ऑपरेशन सिंदूर को खारिज करने के लिए एक अपशब्द का इस्तेमाल करते हुए महिला ने व्हाट्सएप स्टेटस पर कहा, ''जब सरकारें लापरवाही से फैसले लेती हैं, तो इसकी कीमत सत्ता में बैठे लोगों को नहीं, बल्कि दोनों पक्षों के निर्दोष लोगों को चुकानी पड़ती है।''

पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने सात और आठ मई की मध्यरात्रि ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया था।

# दुधवा को इको-टूरिज्म का हब बनाने की दिशा में तेज कदम, विस्टाडोम ट्रेन से विद्यार्थियों का शैक्षिक भ्रमण

### वन सम्पदा को संरक्षित करते हुए दुधवा को पर्यटन गन्तव्य के रूप में विकसित किया जायेगा : जयवीर सिंह

सब का सपना संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इको-टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा दुधवा राष्ट्रीय उद्यान को इको-टूरिज्म के एक प्रमुख गंतव्य के रूप में विकसित करने के प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग की ओर से एक उच्चस्तरीय स्टेकहोल्डर बैठक आयोजित की गई, जिसमें वन विभाग, होटल व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधि, और बेंगलुरु की आईडीईसीके संस्था के विशेषज्ञ शामिल हुए।

बैठक में पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे के विकास, और पर्यटक अनुभव को बेहतर बनाने जैसे प्रमुख मुद्दों पर चर्चा हुई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि दुधवा को सतत् पर्यटन और स्थानीय विकास का आदर्श मॉडल बनाया जाए।

बोर्ड की टीम ने थारू जनजाति, होमस्टे संचालकों और नेचर गाइड्स से भी संवाद कर स्थानीय सहभागिता को और मजबूत किया। इको-टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक नवाचारी पहल के तहत, शनिवार को नवयुग कन्या इंटर कॉलेज, लखनऊ और रविवार को डीएवी इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को विस्टाडोम ट्रेन से दुधवा और कतर्नियाघाट का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्रों ने वन्यजीवों, जैव विविधता, और जंगलों







के संरक्षण के महत्व को नज़दीक से जाना। विद्यार्थियों को बाघ, दलदली क्षेत्र के बारहसिंगा, गैंडा, घड़ियाल, और दुर्लभ पक्षियों की जानकारी दी गई। दुधवा का शांत प्राकृतिक सौंदर्य सभी को मंत्रमुग्ध कर गया। इस अवसर पर पर्यटन निदेशक प्रखर मिश्रा, वन एवं पर्यटन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, और कई विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। छात्राओं को इको-टूरिज्म में संभावित करियर विकल्पों के बारे में बताया गया और उन्हें नेचर गाइड्स से संवाद का अवसर भी मिला। इस संवाद और शैक्षिक कार्यक्रम के माध्यम से ना केवल विद्यार्थियों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ी, बल्कि स्थानीय समुदाय की भागीदारी से सतत् पर्यटन को भी बल मिला।

## संक्षिप्त समाचार

### सेना के सम्मान को आगे आए व्यापारी, सैनिकों के परिवार को सामान पर देंगे छूट

**बरेली, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच सेना के जवान अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सीमाओं की रक्षा के लिए अपनी जान दांव पर लगाए हुए हैं। उनकी वजह से ही हर देशवासी खुद को सुरक्षित महसूस कर रहा है। इस स्थिति को देखते हुए बरेली में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सैनिकों के परिजनों को सामानों की खरीद पर छूट देने का निर्णय लिया है। इस छूट में किराना, दवा से लेकर सभी जरूरी घरेलू उत्पाद शामिल हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रांतीय महामंत्री राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का भी फर्ज बनता है कि वह अपने सैनिकों के परिवारों को उनके शौर्य के लिए उत्साहित करें। उन्होंने दवा विक्रेताओं से आह्वान किया कि वह वर्तमान में सेना में कार्यरत सैनिकों के परिवार वालों के लिए 25त्न और उसी साल्ट की दवा अन्य कम्पनी की लेने पर 50त्न की छूट, किराना वाले 10त्न तथा होटल वाले सैनिकों के परिवार को 50त्न छूट देंगे। गैस सिलेंडर भरवाने पर भारत पेट्रोलियम केआरके एंटरप्राइजेज किला पर प्रति सिलेंडर 25 रुपये की छूट दी जाएगी। व्यापारियों ने सभी से अपील की है कि वे आपूर्ति संबंधित कृत्रिम कमी की किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। प्रांतीय संयुक्त महामंत्री राजेश जसोरिया ने कहा कि बाजार में किसी भी सामान की कमी नहीं है। लोग बेवजह किसी की बातों में आकर खाद्य सामग्री आदि का भंडारण न करें। युवा महानगर महामंत्री ईशन गुप्ता ने कहा की व्यापार मंडल के युवा साथी ब्लड कैंप लगाकर सैनिकों के लिए शीघ्र ही रक्तदान करेंगे। बैठक में रेडीमेड वस्त्र व्यापार से दर्शन लाल भाटिया, किशोर केमिस्ट ग्रुप से दुर्गेश खटवानी, राकेश नरूला, मुकेश खटवानी, ,सुनील शर्मा, किराना कमेटी से त्रिलोकी नाथ गुप्ता, केमिस्ट एसोसिएशन से मुनीष प्रजापति, विजय श्रीवास्तव आदि शामिल थे।

### भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर फेक न्यूज की बाढ़



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के बारे में फर्जी खबरों और गलत सूचना से जुड़े 5000 पोस्ट को सोशल मीडिया मंच से हटा दिया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, सेना की गतिविधियों, रणनीतिक अभियानों या पड़ोसी देशों की जवाबी कार्रवाइयों के बारे में फर्जी खबरें सोशल मीडिया पर पाई गईं। अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराध का पता लगाने वाली एजेंसी ने सैन्य संघर्ष से संबंधित फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के प्रसार को लेकर परामर्श भी जारी किया है।

सीनियर अधिकारी ने कहा कि ऐसी असत्यापित और भ्रामक सामग्री राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है। साथ हीं, संघर्ष को बढ़ाने में योगदान दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए एजेंसी ने सोशल मीडिया और संचार मंचों से ऐसी झूठी खबरों को हटाने के लिए नोटिस जारी किए हैं। अधिकारी ने बताया कि एजेंसी ने सैन्य संघर्ष के बारे में फर्जी खबरें और गलत सूचना वाली लगभग 5,000 सोशल मीडिया पोस्ट हटा दी हैं।

**गलत सूचना फैलाना कानून के तहत दंडनीय:** अधिकारी ने कहा कि जानबूझकर या अनजाने में गलत सूचना फैलाना कानून के तहत दंडनीय अपराध है। महाराष्ट्र की साइबर पुलिस ने एक बयान में नागरिकों को सलाह दी है कि वे सूचना का इस्तेमाल और इसे साझा करते समय, विशेष रूप से राष्ट्रीय महत्व के मामलों के बारे में, संयम और विवेक का प्रयोग करें। इन दिनों पाकिस्तानी हैकर समूहों (जैसे-एचओएएक्स1337, नेशनल साइबर क्रू और पाकिस्तान साइबर फोर्स) ने भारतीय रक्षा और सरकारी वेबसाइटों पर बड़े पैमाने पर साइबर हमले किए हैं। महाराष्ट्र साइबर पुलिस के अनुसार, 22 अप्रैल के बाद 10 लाख से अधिक साइबर हमले दर्ज किए गए, जिनमें मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज, मनोहर पर्रिकर रक्षा अध्ययन संस्थान और आर्मर्ड व्हीकल निगम लिमिटेड की वेबसाइटें निशाना बनीं। इन हमलों में संवेदनशील डेटा, जैसे लॉगिन क्रेडेंशियल्स, चुराने की कोशिश की गई।

# जम्मू के लोगों ने बताया- सायरन बजने से खुली आंख और तुरंत घर से बाहर भागे, नहीं तो मारे जाते



**जम्मू , एजेंसी।** पाकिस्तान के मोर्टार और ड्रोन हमलों से प्रभावित जम्मू शहर की रिहाड़ी कॉलोनी के एक निवासी ने पूरे घटनाक्रम को याद किया। उन्होंने कहा कि सायरन की आवाज सुनकर हमारी आंखें खुल गईं और कुछ ही देर बाद ही एक भीषण विस्फोट ने हमारे घर को हिलाकर रख दिया। भारतीय सशस्त्र बलों की ओर से रात भर कई ड्रोन हमलों को नाकाम किया गया।

इसके कुछ घंटों बाद शनिवार तड़के जम्मू शहर के रिहाड़ी और रूप नगर सहित कुछ रिहायशी इलाकों में गोले और संदिग्ध ड्रोन के हमले किए गए। जम्मू में 6 स्थानों पर हमले हुए। हमले में सबसे ज्यादा प्रभावित घनी आबादी वाली रिहाड़ी कॉलोनी हुई जहां एक बम गुलशन दत्त के घर पर आ गिरा। इससे इमारत और आसपास के कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया, लेकिन परिवार बाल-बाल बच गया। दत्त की पत्नी ने घटना को याद करते हुए कहा, 'सायरन की आवाज से हमारी आंखें खुलीं और हम बालकनी में आने के बाद भूतल की ओर भागे। कुछ ही पलों में हमारे घर में एक जबरदस्त धमाका हुआ।' उन्होंने कहा कि सायरन ने हमारी जान बचा ली। अगर हम नहीं जागते तो हम मर जाते। माता रानी ने हमें बचा लिया। रिहाड़ी कॉलोनी में तबाही के दृश्य युद्ध क्षेत्र जैसे हैं। तबाह इमारतों के कंक्रीट के हिस्से, टूटी खिड़कियां और क्षतिग्रस्त दीवार और वाहन देखे जा सकते हैं। दत्त ने आज सुबह करीब सवा पांच बजे विस्फोट सुना जिसने उनके पूरे घर को हिलाकर रख दिया। उन्होंने कहा, 'हमारा पूरा घर हिल गया। हमें लगा कि अब सब खत्म हो गया है।'

### शंभू मंदिर को निशाना बनाकर हमला

एक अन्य बम आप शंभू मंदिर को निशाना बनाकर दागा गया, लेकिन वह सुनसान घर के पास गिरा जिससे बड़ी जनहानि टल गई। एक श्रद्धालु सुदेश कुमार ने कहा, 'हम सुबह की पूजा के लिए आए थे, तभी एक जोरदार विस्फोट ने सन्न कर दिया। हर तरफ मलबा बिखर गया।' उन्होंने कहा कि अगर यह और बाद में हुआ होता तो कई लोगों की जान जा सकती थी। जानीपुर में एक घर की छत पर भी गोला गिरा, जिससे आसपास के इलाके में काफी नुकसान हुआ। हालांकि, डर के कारण परिवार ने घर बंद कर दिया और दूसरी जगह चले गए। जानीपुर निवासी ओमकार सिंह ने कहा, 'हम ड्रोन अलर्ट के कारण पूरी रात जागते रहे। फिर विस्फोट हुए। अब डर का माहौल है। लोग अपने घरों में भी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।'

### 1971 के युद्ध की यादें ताजा

हजूरीबाग की शकुंतला देवी ने भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'वे अब नागरिकों को निशाना बना रहे हैं। जब वे हमारी सेना से नहीं लड़ सके तो निर्दोष लोगों पर हमला करके हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।' एक व्यापारिक केंद्र के पास गोदाम में काम करने वाले करतार चंद ने आज सुबह पास में एक गोला फटते देखा। उन्होंने कहा, 'हम डरे नहीं है, लेकिन पाकिस्तान को इसकी कीमत चुकानी होगी। उसे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बढ़ावा देने से रोका जाना चाहिए।' तालाब तिल्लो निवासी देवी शरण गुप्ता ने कहा कि इन हमलों ने 1971 के युद्ध की यादें ताजा कर दीं। उन्होंने कहा, 'मैंने तब से जम्मू में ऐसा कुछ नहीं देखा। रिहायशी इलाकों को इस तरह निशाना बनाना सोच से परे है।' शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भी हमलों की निंदा की थी।

## सोशल मीडिया पर पाकिस्तानी झंडा और देश विरोधी पोस्ट करने वाले 2 लोगों पर शिमला में एफआईआर

**शिमला, एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान में तनाव के दौरान शिमला से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक गतिविधियों के दो मामले सामने आए हैं। इनमें पाकिस्तान के झंडे और राष्ट्रविरोधी सामग्री को प्रोफाइल फोटो और फेसबुक पोस्ट में शामिल किया गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में कड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला शिमला शहर के सदर थाना क्षेत्र का है, जहां एक युवक ने अपने वॉट्सऐप अकाउंट की डिस्प्ले फोटो (डीपी) में पाकिस्तान का झंडा लगाया था। आरोपी की पहचान आदिल मगरे के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले का रहने वाला है और वर्ष 2016 से शिमला में एक गैस एजेंसी में काम कर रहा है। इसकी सूचना मिलने के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई और भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 और 197(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया। आरोपी को हिरासत में लेने की कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार, इस प्रकार की हरकतें देश की एकता, अखंडता और सांप्रदायिक सौहार्द पर सीधा प्रहार हैं। ऐसे समय में जब देश की सीमाओं पर तनाव बना हुआ है और हाई अलर्ट की स्थिति है तो इस तरह के कृत्य न केवल संवेदनशील माहौल को प्रभावित कर सकते हैं बल्कि डिजिटल माध्यमों से अराजकता फैलाने का माध्यम भी बन सकते हैं। वहीं, दूसरा मामला शिमला जिले के सुन्नी थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां एक युवक द्वारा फेसबुक पर कथित राष्ट्र विरोधी सामग्री शेयर किए जाने के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। शिकायतकर्ता टेक चंद ठाकुर और अन्य स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इरशाद पुत्र इलियास, निवासी सहारनपुर (उत्तर प्रदेश) ने फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की थी। इससे लोगों में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले में भी भारतीय न्याय संहिता की धारा 196 और 197 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

## देश का पहला हाइड्रोजन ट्रक सड़क पर उतरा

### सीएम साय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**रायपुर, एजेंसी।** हाइड्रोजन ईंधन से चलने वाला देश का पहला ट्रक सड़क पर उतर चुका है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साय ने अपना हस्ताक्षर कर हाइड्रोजन ट्रक के चालक को चाबी सौंपी और इस अभिनव पहल के लिए सीएसपीजीसीएल और अदाणी नेचुरल रिसोर्सेस को शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री साय ने शनिवार को अपने निवास परिसर से देश के पहले हाइड्रोजन ईंधन लॉजिस्टिक ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि साय ने अपना हस्ताक्षर कर हाइड्रोजन ट्रक के चालक को चाबी सौंपी और इस अभिनव पहल के लिए छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीजीसीएल) और अदाणी नैचरल रिसोर्सेस को शुभकामनाएं दी।

**हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल छत्तीसगढ़ और देश को हरित ऊर्जा की ओर अग्रसर करने वाला क्रांतिकारी कदम होगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ लगातार विकास कर रहा है और इसमें आज एक नया आयाम जुड़ा है। भारत के पहले हाइड्रोजन ईंधन लॉजिस्टिक ट्रक की शुरुआत छत्तीसगढ़ में हो रहा है। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान है और उन्होंने वर्ष 2070 तक भारत को शून्य कॉर्बन उत्सर्जन वाला देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उसे पाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के बीच संतुलन साधने में भी यह कदम मददगार होगा।

### स्वच्छ और ग्रीन ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा देने वाला कदम

उन्होंने बताया कि इस मौके पर अडानी इंटरप्राइजेज के नैचरल रिसोर्सेस के सीईओ डॉक्टर विनय प्रकाश, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक संजीव कटियार और अडानी ग्रुप के प्रतिनिधि मौजूद थे। अदाणी समूह के अधिकारियों ने बताया कि अदाणी ग्रुप की प्रमुख कंपनी, अदाणी इंटरप्राइजेज ने भारत का पहला हाइड्रोजन फ्यूल सेल ट्रक जारी किया है, जो लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में स्वच्छ और ग्रीन ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। आने वाले समय में हाइड्रोजन से चलने वाले ये ट्रक डीजल वाहनों की जगह लेने के लिए तैयार हैं।

### 200 किमी तक 40 टन माल ले जाने की क्षमता

अधिकारियों ने बताया कि अदाणी इंटरप्राइजेज एक भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा तकनीकी कंपनी तथा एक प्रमुख ऑटो निर्माता कंपनी के साथ मिलकर माल परिवहन के लिए हाइड्रोजन फ्यूल सेल बैटरी से चलने वाले ट्रक विकसित कर रहा है। प्रत्येक ट्रक स्मार्ट तकनीक और तीन हाइड्रोजन टैंक से लैस होगा, जिसमें 200 किलोमीटर की दूरी तक 40 टन तक का माल ले जाने की क्षमता होगी।

## एजीआई के लिए पुरानी दुश्मनी भुलाने को तैयार सैम ऑल्टमैन, एलन मस्क की तरफ बढ़ाया दोस्ती का हाथ



**वाशिंगटन, एजेंसी।** ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को पुरानी बातों को पीछे छोड़ने और साथ काम करने का संदेश दिया है। ऑल्टमैन का ये संदेश ऐसे समय में आया जब मस्क ने ऑल्टमैन के पुराने बयानों को सोशल मीडिया पर साझा, जिसमें ऑल्टमैन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना की थी।

बता दें कि मस्क के तरफ से साझा किए गए पुरानी पोस्ट में ऑल्टमैन ने कहा था कि वह कभी डोनाल्ड ट्रंप को वोट नहीं देंगे। इसके जवाब में वाई कॉम्बिनेटर के को-फाउंडर पॉल ग्राहम ने कहा कि ट्रंप को हराने में सैम ऑल्टमैन से ज्यादा किसी ने योगदान नहीं दिया। इस पर ऑल्टमैन ने जवाब दिया कि धन्यवाद, पॉल। इसके बाद मस्क ने फिर एक पुराना लेख साझा किया जिसमें उन्होंने खुद कहा था कि मुझे ट्रंप से नफरत नहीं है, लेकिन अब उन्हें राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए।

**ऑल्टमैन ने बढ़ाया दोस्ती का हाथ:** एलन मस्क की तरफ से साझा किए गए पोस्ट के जवाब में ऑल्टमैन ने प्रतिक्रिया दी कि हम दोनों ही गलत थे, या कम से कम मैं तो जरूर था। लेकिन वो 2016 की बात थी और ये बयान 2022 का है। फिर उन्होंने लिखा कि खैर, अगले हफ्ते मिलते हैं। चलो दोस्त बनते हैं। एजीआई इतनी अहम है कि एक छोटी सी लड़ाई इसके रास्ते में नहीं आनी चाहिए।

**ऑल्टमैन और मस्क के बीच टकराव:** गौरतलब है कि 2015 में एलन मस्क ने ऑल्टमैन के साथ मिलकर ओपनएआई की स्थापना एक गैर-लाभकारी संस्था के तौर पर की थी। लेकिन ऑल्टमैन ने इसे फॉर-प्रॉफिट बनाने का फैसला लिया, जिससे मस्क नाराज हो गए। इसके बाद दोनों के बीच खटास बढ़ती गई, जिसके बाद हाल ही में ओपनएआई ने साफ किया कि संस्था की नॉन-प्रॉफिट इकाई ही कंपनी का नियंत्रण बनाए रखेगी।

**क्या है एजीआई, जिसके लिए ऑल्टमैन ने बढ़ाया दोस्ती का हाथ:** ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने पुरानी बातों को भुलकर एलन मस्क से दोस्ती का हाथ आगे किया है। जिसका सबसे बड़ा कारण आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस (एजीआई) है। इसका मतलब ऐसा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है जो इंसानों जैसी समझ और सोच रखने में सक्षम हो। जबकि मौजूदा एआई एक विशेष काम के लिए होता है।

### सूडान में जेल पर ड्रोन हमला, 19 कैदियों की मौत

**खार्तूम, एजेंसी।** सूडान के पश्चिमी हिस्से नॉर्थ कोर्दोफान राज्य के एल ओबैद शहर में स्थित केंद्रीय जेल पर शनिवार को ड्रोन हमले हुए। इसमें कम से कम 19 कैदियों की मौत हो गई और 45 से अधिक घायल हो गए। यह जानकारी एक चिकित्सा सूत्र और चश्मदीदों ने दी। एल ओबैद अस्पताल के एक चिकित्सा सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अस्पताल में 19 शव और 45 घायल लाए गए हैं। उसने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। जेल भवन के पास मौजूद एक चश्मदीद ने बताया, तीन ड्रोन ने पांच मिसाइलें दागीं, जिनमें से तीन सीधे जेल भवन और कैदियों के रहने वाले हिस्से पर गिरीं। एक अन्य चश्मदीद ने कहा, जेल के अंदर राहत और बचाव कार्य अब भी जारी है और मृतकों और घायलों की संख्या आधिकारिक आंकड़ों से अधिक हो सकती है। अब तक इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) ने हाल ही में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में सैन्य ठिकानों और प्रमुख सुविधाओं पर ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं, जिनमें एल ओबैद भी शामिल है। स्थानीय मीडिया के अनुसार, आरएसएफ ने पोर्ट सूडान पर सातवें दिन भी ड्रोन हमला जारी रखा। यह शहर मई 2023 से देश की प्रशासनिक राजधानी बन चुका है। हालांकि, आरएसएफ ने इस हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। गौरतलब है कि अप्रैल 2023 के मध्य से सूडान में एसएएफ और आरएसएफ के बीच भीषण संघर्ष चल रहा है, जिसमें अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं।



## बीएलए ने ली बलूचिस्तान में 39 हमलों की जिम्मेदारी, कुछ पुलिस थानों पर कब्जा करने का दावा

**क्वेटा , एजेंसी।** बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान में 39 अलग-अलग जगहों पर समन्वित हमले करने की जिम्मेदारी ली है। बीएलए ने दावा किया है कि उन्होंने कुछ पुलिस स्टेशनों पर कब्जा कर लिया है और क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर नाकाबंदी कर दी है। बीएलए ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि ये अभियान अभी भी जारी है। उनके कुछ खास मकसद हैं, जिन्हें वे हासिल करना चाहते हैं।

बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बताया कि जिन 39 जगहों पर समन्वित हमले किए गए हैं, उनमें पुलिस स्टेशन, सैन्य काफिले और प्रमुख राजमार्गों के साथ बुनियादी ढांचे समेत कई अन्य जगह शामिल हैं। बलूच ने कहा कि बीएलए ने कुछ पुलिस स्टेशनों पर कब्जा कर लिया है और क्षेत्र की प्रमुख सड़कों पर नाकाबंदी की गई है। उन्होंने कहा कि हमलों के बारे में जल्द ही मीडिया को अधिक जानकारी दी जाएगी।



**बलूचिस्तान में लंबे समय से चल रहे अलगाववादी आंदोलन:** दरअसल, बलूचिस्तान में लंबे समय से आजादी की मांग करने वाले अलगाववादी आंदोलन चल रहे हैं। कई वर्षों से चल रहे संघर्ष के कारण यहां बहुत से लोग मारे गए हैं। इसके अलावा, इन संघर्षों के चलते बहुत लोग विस्थापित भी हुए हैं। स्वायत्तता और स्थानीय संसाधनों पर नियंत्रण के लिए बीएलए की हालिया गतिविधियां इस संघर्ष में तनाव को और बढ़ा रही हैं।

**बलूच लोगों की आजादी चाहता है बीएलए:** दरअसल, बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित एक हथियारबंद अलगाववादी समूह है, जो बलूच लोगों के लिए आजादी चाहता है। बीएलए का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार बलूच लोगों के साथ अन्याय कर रही है। उनके राजनीतिक अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। उनके इलाकों के प्राकृतिक संसाधनों (जैसे गैस और खनिज का इस्तेमाल किया जा रहा है। हालांकि, उन्हें इसका कोई फायदा नहीं दिया जा रहा। आर्थिक शोषण और सैन्य दमन पर लंबे समय से चली आ रही शिकायतों के जवाब में बीएलए उभरा है।

**बीएलए ने सीपीईसी से जुड़ी परियोजनाओं को पहुंचाया नुकसान :** बीएलए ने अब तक पाकिस्तानी सुरक्षा बलों, सरकारी इमारतों और विकास परियोजनाओं पर कई हमले किए हैं। बीएलए ने खासकर चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से जुड़ी परियोजनाओं को नुकसान पहुंचाया है, जिसे वह शोषणकारी मानता है।

**पाकिस्तान का सबसे गरीब इलाका है बलूचिस्तान :** बलूचिस्तान के पास गैस, खनिज और तटीय संपत्तियों जैसे प्राकृतिक संसाधन हैं, फिर भी यह पाकिस्तान का सबसे गरीब और सबसे अविकसित इलाका है। ह्यूमन राइट्स वॉच और एमनेस्टी इंटरनेशनल जैसे संगठनों का कहना है कि यहां पिछले कुछ सालों में पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और खुफिया एजेंसियों द्वारा हजारों बलूच कार्यकर्ताओं, छात्रों, पत्रकारों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं को अगवा कर उनकी हत्या कर दी गई है। सरकार इन पीड़ितों को अक्सर आतंकवादी या विदेशी एजेंट कहती है, जबकि परिवारों को कोई जवाब या कानूनी सहारा नहीं दिया जाता है।

ग्रामीण पथ सुदृढ़ीकरण को मिली गति

# मुख्यमंत्री नीतीश करेंगे 6,938 पथों का कार्यारंभ

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**




**पटना(बिहार)।** राजधानी के संकल्प भवन में 12 मई को आयोजित किए जा रहे एक समारोह में ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन का कार्यारंभ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर-कमलों द्वारा किया जाएगा।इसके तहत 6,938 पथों(जिनकी लंबाई:12,105 किमी और कुल लागत 8,716 करोड़ है)सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन किया जाएगा।ज्ञातव्य है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण एवं प्रबंधन कार्यक्रम को एक नए अवयव के रूप में प्रारंभ किया गया है,जिसका उद्देश्य ग्रामीण सड़कों के नियमित एवं व्यवस्थित पुनर्निर्माण/उन्नयन/नवीनीकरण को सुनिश्चित करना है।वित्तीय वर्ष 2024-25 में इस कार्यक्रम के अंतर्गत पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर हुए कुल 14,087 पथों(लंबाई: 24,482 किमी)के सुदृढ़ीकरण हेतु 21,733 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत उन सभी ग्रामीण पथों को आगामी सात वर्षों तक मानक अनुरूप सेवा स्तर पर बनाए रखने की व्यवस्था की गई है,जो अपनी पंचवर्षीय अनुरक्षण/त्रुटि निवारण अवधि पूर्ण कर चुके हैं।इस अवधि के भीतर इन पथों के पर दो बार कालीकरण(री-सर्फेसिंग) कार्य कराया जाएगा।योजना के क्रियान्वयन के दौरान यदि सड़क में कोई तकनीकी त्रुटि पाई जाती है,तो उसका समाधान तय समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा।इसका उद्देश्य है कि ग्रामीणों को हमेशा एक मजबूत,सुरक्षित और आरामदायक सड़क सुविधा सतत् मिलती रहे।इस कार्यक्रम से न केवल गांवों और शहरों के बीच की दूरी घटेगी,बल्कि राज्य की सामाजिक संरचना को नया आयाम और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के उस महत्त्वाकांक्षी विजन को साकार करेगा,जिसके तहत राज्य के किसी भी सुदूरवर्ती क्षेत्र से भविष्य में मात्र 4 घंटे में राजधानी पटना तक की सुगम और निर्बाध यात्रा संभव हो सकेगी।

## संगठन की मजबूती में सभी का योगदान आवश्यक है: डॉ. दिलीप जायसवाल



**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)**।भाजपा प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आज पटना महानगर के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रूपनारायण मेहता ने दायित्व ग्रहण कर लिया।इस मौके पर आयोजित समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जायसवाल भी उपस्थित रहे।इस मौके पर उन्होंने रूपनारायण मेहता को नए दायित्व की बधाई दी और आगे जिला के नेतृत्व के लिए शुभकामनाएं दी।उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े संगठन की मजबूती के लिए सामूहिक दायित्व आवश्यक है।यही कारण है कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा की मजबूती के लिए एक-एक कार्यकर्ता का योगदान आवश्यक है।उन्होंने कहा कि एक वह समय भी था जब हम देशभर में एक सीट के लिए तरसते थे लेकिन आज हमारी सरकार है।उन्होंने कहा कि इस सफलता के लिए हमारे पूर्वजों ने भी बड़ा योगदान दिया है,जिसे हमें नहीं भूलना चाहिए।समारोह में उपस्थित कर्मठ कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.दिलीप जायसवाल ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए एकजुट प्रयास की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भाजपा किसी परिवार या किसी जाति की पार्टी नहीं है,बल्कि इस पार्टी का आम कार्यकर्ता भी पार्टी के सर्वोच्च पद पर पहुंच सकता है। यही इस पार्टी की विशेषता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित डीजे वाहन ने महिलाओं को रौंदा,दो की मौत,एक गंभीर रूप से घायल

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)।**लखीसराय में बीती देर रात डीजे वाहन ने अनियंत्रित होकर घर के आगे बैठी महिलाओं को रौद डाला।इस घटना में दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई।जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हैं।जिसे बेहतर इलाज के लिए मुंगेर रेफर किया गया है।घटना माणिकपुर थाना क्षेत्र के बाकरचक गांव की है।वहीं इस घटना में दो बाइक एक साईकिल तीन मकान को भी नुकसान पहुंचा है।जबकि कई लोग बाल-बाल बच गए।बताया जाता है कि गांव में शादी समारोह चल रहा था।इसी दौरान लगभग दो घंटे से डीजे बज रहा था।तभी अचानक डीजे वाहन अनियंत्रित होते हुए आगे बढ़ गया।इस घटना में बाकरचक निवासी मालती देवी,पार्वती देवी की मौके पर ही मौत हो गई।वहीं कुसुम देवी गंभीर रूप से घायल हो गई।घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया।सूचना मिलते ही मानिकपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर डीजे वाहन को जप्त किया।हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।परिजनो का आरोप है की चालक शराब की नशें में था,जिस कारण यह घटना घटी है।वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है।

### बगहा में अचानक दिखा जंगली भालू,मची अफरा-तफरी

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

**पटना(बिहार)।** बगहा में उस समय हड़कंप मच गया जब महिला थाना के सामने एक जंगली भालू सड़क पार करता हुआ नजर आया। सुबह के वक्त अचानक भालू को देखकर पहले तो लोगों को अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ,लेकिन जब वह खेतों की ओर बढ़ा,तो वहां काम कर रहे मजदूरों में चीख-पुकार मच गई। लोग इधर-उधर भागने लगे।पूरे इलाके में डर का माहौल बन गया। ।जानकारी मिलते ही वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से वन विभाग की टीम अलर्ट हो गई और भालू को सुरक्षित पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया गया है।बताया जा रहा है कि भालू वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से भटककर आबादी वाले इलाके में पहुंच गया। इससे पहले भी टाइगर रिजर्व से तेंदुआ,भालू और जंगली जानवर रिहायशी इलाकों अक्सर दिखाई देते हैं।

## वैशाली में पारिवारिक विवाद में भाई ने ली भाई की जान

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**



**पटना(बिहार)**।बिहार के वैशाली जिले में एक पारिवारिक विवाद ने भयानक रूप ले लिया और बड़े भाई ने अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या कर दी।घटना जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दिलावरपुर गोवर्धन गांव का है।मृतक की पहचान प्रेम प्रकाश,30 वर्षीय के रूप में हुई है।वह दिलावरपुर गोवर्धन का रहने वाला था।प्रेम प्रकाश के पिता का नाम रामवृक्ष सिंह है।पैर में गोली लगने के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया था।इसके बाद घटना की सूचना मिलते ही बिदुपुर थाने की पुलिस ने घायल को तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर लाया था,लेकिन डॉक्टर ने जांच के दौरान मृत्य घोषित कर दिया।मौत के बाद उसके परिजनों में कोहराम मच गया है।पत्नी का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।प्रेम प्रकाश की शादी पांच साल पहले हुई थी।उनका एक बच्चा भी है।पुलिस मामले की जांच कर रही है,मृतक अपना निजी संगठन चलता था,आसपास के लोगों को कर्ज दे रखा था।इसी कलेक्शन के बाद वे घर लौट रहा था तभी उसे गोली मारी गई है।इस संबंध में बिदुपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण युवा की गोली मारकर हत्या हुई है।आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी किया जा रहा है।

## एमआईटी कंप्यूटर सेंटर में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं ने बेल्ट्रॉन की परीक्षा में लहराया परचम

### बेल्ट्रॉन के सफल अभ्यर्थियों को डीईओ ने किया सम्मानित

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**





**पटना(बिहार)**।रविवार को एमआईटी कंप्यूटर सेंटर,जमुई के तत्वावधान में रविवार को प्रातः10 बजे,शास्त्री कॉलोनी,स्थित समृद्धि विवाह वाटिका भवन में सम्मान समारोह का एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश कुमार,जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिरकत की।इस मौके पर बेल्ट्रॉन परीक्षा में सफल सभी विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।बताते चलें कि एमआईटी कंप्यूटर सेंटर संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में उक्त संस्थान में अध्ययन करने वाले अभ्यर्थियों को बेल्ट्रॉन परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया।जमुई के डीईओ राजेश कुमार ने एमआईटी कंप्यूटर सेंटर में अध्ययन करने वाले सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि कंप्यूटर शिक्षा आज के दौर की महत्वपूर्ण अहम शिक्षा हैं।इसका ज्ञान बहुत ही आवश्यक है,रोजगार के किसी भी क्षेत्र में इसकी शिक्षा सर्वोपरि मानी जाती हैं।यूं कहें कि आज के बदलते दौर में इसकी आवश्यकता सर्वत्र देखी जाती हैं।डीईओ श्री कुमार ने एमआईटी कंप्यूटर सेंटर के निदेशक गौतम कुमार की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान कंप्यूटर शिक्षा के क्षेत्र में सदैव से अग्रणी भूमिका में रही हैं।यहां अध्ययन करने वाले छात्रों ने रोजगार के क्षेत्र में सरकारी संस्थानों के द्वारा आयोजित परीक्षा में अक्सर ही अपना परचम लहराया हैं।उक्त कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक गौतम कुमार सिंह ने गुलदस्ता देकर डीईओ को सम्मानित किया।वही शास्त्री कॉलोनी के प्रबुद्ध समाजसेवी राम अनुग्रह सिंह ने शॉल ओढ़ाकर डीईओ राजेश कुमार को सम्मानित किया।महादेव सिमरिया उच्च विद्यालय के शिक्षक मो.गयासुद्दीन अंसारी ने अपने मनमोहक गायकी अंदाज में कार्यक्रम में उपस्थित जनों के दिलों को अपनी बेहतरीन प्रस्तुति से दिल को जीतने का काम किया,जहां तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उनके ओजस्वी संबोधन को सराहा गया।बताते चलें कि इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में श्यामा प्रसाद महिला कॉलेज के व्याख्याता प्रोफेसर राजेश पांडेय,शिक्षक मो.ईशराफिल अंसारी,अशोक कुमार यादव समेत दर्जनों गण्य मान लोग मौजूद रहे।

## खेल समाचार

## संक्षिप्त समाचार

### भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज जापान में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे



**चीबा (जापान) (एजेंसी)** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर आखिरी दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेलकर रविवार को यहां 20 लाख डॉलर इनामी इंटरनेशनल सीरीज जापान गोल्फ में संयुक्त 39वें स्थान पर रहे। भुल्लर अंतिम दौर की शुरुआत और आखिर में डबल बोगी करने के बावजूद एक अंडर का कार्ड खेलने में सफल रहे। भुल्लर ने पांच बर्डी लगाई जिसमें से चार 13वें से 16वें ओवर तक आयी। उनका कुल स्कोर तीन अंडर 281 रहा। प्रतियोगिता के कट में शामिल भारत के अन्य खिलाड़ी एसएसपी चौरसिया दो ओवर 73 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 68वें स्थान पर रहे। चौरसिया ने आखिरी दौर में चार बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाकर टूर्नामेंट में तीन ओवर 287 का स्कोर किया।

### भारत की निरुपमा देवी एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर

**जियांगशान (चीन) (एजेंसी)** भारतीय भारोत्तोलक निरुपमा देवी को रविवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में महिलाओं की 64 किग्रा वर्ग में क्लीन एंड जर्क में दो असफल प्रयासों के कारण चौथे स्थान पर रहकर कांस्य पदक से हाथ धोना पड़ा। एशियाई युवा भारोत्तोलन चैंपियनशिप की पदक विजेता 24 वर्षीय निरुपमा देवी क्लीन एंड जर्क में 115 किग्रा ही उठा पाईं जबकि 120 किग्रा और 125 किग्रा उठाने का उनका प्रयास विफल रहा। इससे स्नैच में 91 किग्रा से उनका गैर-ओलंपिक वर्ग में कुल वजन 206 किग्रा हो गया। एशियाई खेल 2018 की पदक विजेता दक्षिण कोरिया की मुन मिन-ही ने कुल 214 किग्रा (94 किग्रा +120 किग्रा) वजन उठाकर कांस्य पदक हासिल किया। चीन की ली शुआंग ने 239 किग्रा (105 किग्रा +134 किग्रा) वजन उठाकर स्वर्ण पदक जबकि फिलीपींस की भारोत्तोलक एलरीन एन एंडो ने 232 किग्रा (102 किग्रा +130 किग्रा) वजन उठाकर रजत पदक जीता।

# मंधाना की शतकीय पारी से भारत त्रिकोणीय श्रृंखला का चैंपियन

**कोलंबो (एजेंसी)** स्मृति मंधाना की आक्रामक शतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने महिला त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के फाइनल में रविवार को यहां श्रीलंका को 97 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया।




उमस भरे मौसम में ऐंठन से जूझते हुए बाएं हाथ की इस कलात्मक बल्लेबाज ने 101 गेंदों पर 116 रन की शानदार पारी खेली। भारतीय उपकप्तान ने फाइनल में अपनी पारी के दौरान 15 चौके और दो छक्के लगाये।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 342 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद स्नेह राणा के चार और अमनजोत कौर के तीन विकेट से श्रीलंका की पारी को 48.2 ओवर में 245 रनपर समेट दिया।

श्रीलंका के लिए कप्तान चमारी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 66 गेंद 51 रन का योगदान दिया। नीलाक्षी डिसिल्वा ने 48 रन की पारी खेली।

मंधाना ने 21 रन पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए अट्टापट्टू के खिलाफ लगातार चार चौके जड़कर वनडे करियर का 11वां शतक पूरा किया।

सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल (30) के साथ 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी टूटने के बाद मंधाना ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। उन्होंने हरलीन देओल (56 गेंद में चार चौके की मदद से 47 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 106 गेंद में 120 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को देवमी विहंगा ने मंधाना को आउट कर तोड़ा।

मंधाना ने आउट होने से पहले बड़े स्कोर की नींव रख दी थी। कप्तान हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स ने इसके बाद तेजी से रन जुटाये लेकिन दोनों अर्धशतक पूरा करने से चूक गयीं।

हरमनप्रीत ने 30 गेंद में चार चौके और एक छक्का की मदद से 41 रन की पारी खेली जबकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 123 रन बनाने वाली जेमिमा ने 29 गेंद की ताबड़तोड़ पारी में चार चौके की मदद से 44 रन बनाये।

### हमारी तेज गेंदबाज चोटिल होती रहती हैं, इस पर काम करने की जरूरत है : हरमनप्रीत



**कोलंबो (एजेंसी)** भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने रविवार को अपनी तेज गेंदबाजों के लगातार चोटिल होने पर चिंता व्यक्त की और कहा कि सहयोगी स्टाफ एकदिवसीय विश्व कप से पहले इस समस्या का समाधान करने की कोशिश कर रहा है।

हरमनप्रीत ने कहा, "मुझे पूरी टीम पर गर्व है, विशेषकर बल्लेबाजों पर। हम अच्छा क्रिकेट खेलना चाहते थे। हम टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करना चाहते थे और हमने जिस तरह का खेल दिखाया उससे हम काफी खुश हैं।" भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 342 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया और फिर श्रीलंका को 245 रन पर ढेर कर दिया। उपकप्तान स्मृति मंधाना दिन की सबसे बड़ी स्टार रहीं जिन्होंने शानदार शतक जड़कर भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई जिसके बाद जेमिमा रोड्रिग्स, स्नेह राणा, अमनजोत कौर और हरमनप्रीत जैसी खिलाड़ियों ने भी उपयोगी पारियां खेलीं। हरमनप्रीत ने कहा, "हम कभी भी सुधार करना बंद नहीं कर सकते। बहुत सारे विभाग हैं जहां हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं, चाहे वह बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी हो या क्षेत्ररक्षण।

## भारत की पुरुष और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीमें विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने से चूकीं

**ग्वांगजू(एजेंसी)** भारत का विश्व एथलेटिक्स रिले में अभियान निराशाजनक रूप से समाप्त हो गया क्योंकि देश की पुरुष चार गुणा 400 मीटर और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीम इस साल के अंत में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने से चूक गईं।

संतोष कुमार तमिलारासन, रूपल चौधरी, थेन्नारसु कयालविझी विशाल और सुभा वेंकटेशन की मिश्रित चार गुणा 400 मीटर टीम ने तीन मिनट 14.81 सेकेंड का समय निकालकर दूसरी हीट नंबर में चौथा स्थान हासिल किया। दो हीट में से प्रत्येक में शीर्ष तीन टीम ने 13 से 21 सितंबर को होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। जय कुमार, धर्मवीर चौधरी, थेक्किनालिल साजी मनु और रिंस जोसेफ की पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर चौकड़ी ने खराब प्रदर्शन किया और 3:04.49 के समय के साथ सातवें स्थान पर रही। पुरुष और महिला चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर तथा मिश्रित चार गुणा 400 मीटर में शीर्ष 14 टीमें तोक्यो विश्व चैंपियनशिप में क्वालीफाई करेंगे। प्रत्येक स्पर्धा में बचे दो स्थान के लिए क्वालीफिकेशन अवधि (25 फरवरी 2024 से 24 अगस्त 2025) के दौरान सूची में शीर्ष स्थान के आधार पर दिए जाएंगे। भारत अब इन दो बची टीमों में शामिल होने की उम्मीद करेगा और क्वालीफिकेशन विंडो के दौरान स्पर्धाओं में बेहतर समय दर्ज करने की कोशिश करेगा।




संतोष कुमार तमिलारासन

# दीपिका, सालुंखे ने कांस्य पदक जीता

### तीरंदाजी विश्व कप में भारत को सात पदक

**शंघाई (एजेंसी)** भारत की सबसे सफल तीरंदाज दीपिका कुमारी सेमीफाइनल में मिली हार के बाद शानदार वापसी करते हुए रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपना सम्मान बचाने में सफल रही जबकि पार्थ सालुंखे ने पहली बार पोडियम पर जगह बनायी।

भारत का अभियान इस तरह से सात पदकों के साथ खत्म हुआ। कम्पाउंड तीरंदाजों ने इससे पहले शनिवार को दो स्वर्ण के साथ पांच पदक जीतकर दबदबा कायम किया था। इसमें तीन पदक में मधुरा धामनगंकर का योगदान रहा। उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ महिला और मिश्रित टीम में पदक जीत कर तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी का जश्न मनाया।





दीपिका को अंतिम चार मैच में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी लिम सिहियोन ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत मुकाबले में 7-1 के अंतर से हराया। इस 21 साल की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन ने पिछले साल येचियोन विश्व कप में भी भारतीय तीरंदाज को अंतिम चार में शिकस्त दी थी।

भारत की 30 साल की तीरंदाज ने हालांकि सेमीफाइनल की निराशा को पीछे छोड़ते हुए कांस्य पदक के मैच में कोरिया की एक अन्य खिलाड़ी कांग चेन योंग के खिलाफ 7-3 की जीत के साथ पोडियम पर अपनी जगह पक्की की। दीपिका ने सेमीफाइनल में हार का सामना करने के बाद कांस्य पदक के मैच में अधिक धैर्य और रणनीतिक स्पष्टता दिखाई। पहला सेट 27-27 से बराबरी पर समाप्त हुआ, लेकिन दीपिका ने दूसरे सेट में 28 अंक बनाकर 3-1 की बढ़त बना ली।

पूर्व विश्व चैंपियन कांग ने हालांकि वापसी करते हुए दीपिका के 27 के मुकाबले 30 अंक के साथ स्कोर को 3-3 से बराबर कर दिया।

चार बार ओलंपिक खेल चुकी दीपिका ने अनुभव का शानदार इस्तेमाल करते हुए तीनों निशाना 10 अंक पर साध कर 5-3 की बढ़त कायम की। उन्होंने इसके बाद कांग के 28 के मुकाबले 29 अंक जुटाते हुए अपनी जीत पक्की कर ली।

पुरुषों की व्यक्तिगत स्पर्धा में क्वालीफाइंग में 60वें स्थान पर रहने वाले पार्थ सालुंखे ने कांस्य पदक जीतकर देश का सातवां पदक पक्का किया।

इस 21 साल के खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में कोरिया के दिग्गज किम वूजिन से हार के बाद शानदार वापसी करते हुए उच्च वरीयता प्राप्त फ्रांस के तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को पांच सेटों के रोमांचक मुकाबले में 6-4 से हराकर अपना पहला विश्व कप पदक जीता।



# फिल्म थिएटर में चले या ओटीटी पर, एक्टर की जिम्मेदारी सिर्फ अच्छी एक्टिंग है

मैं एक छोटे से गांव से आया हूं और तमाम संघर्षों के बाद जब बॉलीवुड ने मुझे अपनाया, तो वह मेरी सोच, मेरी उम्मीदों और शायद मेरी औकात से भी बहुत ज्यादा था। यह सफर अब लंबा हो चुका है। मगर इतने सारे काम और मेरी फिल्मों को मिलने वाली तमाम तारीफ का श्रेय मैं संघर्षों के उन्हीं दिनों को दूंगा, जिन्होंने मुझे भीतर से मजबूत बनाया। मुश्किलों के दिन ही आपकी जिंदगी की कहानी बनते हैं। तो इन दिनों में हार मानने से बेहतर है, जीत जाने की उम्मीद को यह सोचकर जिंदा रखें कि आप एक बेहतर लाइफ जर्नी के दौर में हैं। यह बात मांझी द माउंटेन मैन, सीक्रेट गेम्स, गैंग्स ऑफ वासेपुर और तलाश जैसी फिल्में करने वाले अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने।

### स्क्रिप्ट दूसरी बार पढ़ना पड़े तो सोच लेता हूं, कहानी मेरे लायक नहीं...

आप ओटीटी प्लेटफॉर्म को कैसे देखते हैं? शुरुआत में जब ओटीटी आया था, तो बहुत अच्छी क्वालिटी की वेबसीरीज और फिल्में आईं। इसने नए एक्टर्स और क्रिएटर्स को एक मजबूत मंच दिया। मगर, धीरे-धीरे कुछ प्रोजेक्ट्स में क्वालिटी में गिरावट देखने को मिली। फिर भी मैं इसे एक बेहतरीन माध्यम कहूंगा। इसकी वजह से उन कहानियों को प्लेटफॉर्म मिला, जिसे बड़े पर्दे पर शायद कभी मौका न मिल पाता।

**किसी फिल्म स्क्रिप्ट के लिए हां कहने का निर्णय किस आधार पर लेते हैं?**

मैं अक्सर स्क्रिप्ट पढ़ते वक्त बहुत सोच-विचार नहीं करता। अगर मुझे स्क्रिप्ट पढ़ते वक्त ही लग जाता है कि इसमें कुछ अच्छा और अलग है, तो मैं बिना देर किए हां कह देता हूं। अगर लगा कि प्रोजेक्ट को लेकर सोचने की जरूरत है या दूसरी बार स्क्रिप्ट की रीडिंग करनी होगी, तो तय हो जाता है कि यह कहानी मेरे लायक नहीं है। ऐसी फीलिंग आते ही जल्द से जल्द मेकर्स को मना जरूर कर देता हूं, ताकि वे आगे की प्लानिंग कर सकें।

**ओटीटी की वजह से आजकल लोग थिएटर में फिल्म देखने से बचते हैं, इस ट्रेंड को कैसे देखते हैं?**

ये सही है कि बहुत से लोग सोचते हैं कि अगर फिल्म ओटीटी पर आने वाली है, तो थिएटर क्यों जाएं? मुझे लगता है कि ओटीटी, थिएटर और ड्रामा... ये सभी अलग मीडियम हैं और सभी की अपनी खासियत है। एक एक्टर के रूप में मुझे फर्क नहीं पड़ता कि मेरा काम कहां देखा जा रहा है। मेरा फोकस सिर्फ इस बात पर होता है कि मैं अपनी एक्टिंग में सच्चाई और गहराई ला सकूं।



# महाराज का वो सीन करने के बाद मुझे झटका लगा...

**जबलपुर जैसे छोटे शहर से आकर ग्लैमर इंडस्ट्री में अपने दम पर अर्जुन रेड्डी, जयेशभाई जोरदार, महाराज जैसी बड़ी-बड़ी फिल्में करने वाली एक्ट्रेस शालिनी पांडे आज कई लड़कियों के लिए नजीर हैं। बचपन से ही बेबाक और बिंदास रहीं शालिनी ने हमसे एक खास बातचीत के दौरान समाज में लैंगिक गैर बराबरी, एक्ट्रेसेज के बीच कैटफाइट, सिस्टरहुड जैसे विषयों पर खुलकर चर्चा की**

**आपने जिस तरह जबलपुर से आकर अपने दम पर बॉलीवुड में जगह बनाई, वह लड़कियों के लिए प्रेरणा है। लड़की होने के नाते आपको समाज की कौन सी सोच परेशान करती है, जिसके खिलाफ आप लड़ी हों?**

हमें रोज लड़ना पड़ता है। ऐसा कोई एक दिन नहीं होता है। मैं 21 की उम्र तक अपने घर जबलपुर में रही हूं। वहीं पढ़ी-लिखी, कॉलेज किया। वहां हर दिन मेरी एक लड़ाई होती थी, वो चाहे मेरे रिश्तेदारों से हो, किसी अजनबी से हो, कॉलेज के लोगों से हो या टीचर से और क्या होता है कि अगर छोटे शहरों में आप बेबाकी से अपनी राय रखते हैं, तो आपको एक अलग नजरिए से देखा जाता है। जब तक आप जिंदगी में कुछ कर नहीं लेते हैं, लोगों को लगता है कि आप गलत ही हैं। उनके लिए आप वो बिगड़ी हुई लड़की हैं, जो उनके बच्चों को भी बिगाड़ देगी। फिर अचानक से जैसे अब मैं उनकी नजरों में सफल हो गई हूं तो अरे, हमारी बेटी, हमारी ये-वो शुरू हो जाता है, मगर ये लड़ाई कभी खत्म नहीं होती। एक लड़की होने के नाते यह रोज का संघर्ष है।

**आपने सही कहा, औरत-आदमी के बीच भेदभाव समाज का कड़वा सच है। इंडस्ट्री में भी यह मुद्दा उठता रहता है। आपकी इस बारे में क्या राय है?**

एक लड़की के तौर पर मैं तो यही चाहूंगी कि हमें बराबर समझा जाए। हमें बराबरी का महत्व नहीं मिलना दिल तोड़ने वाला है, पर मेरा दिल तब ज्यादा दुखता है, जब औरतें ही औरतों के पीछे पड़ जाती हैं। मेरा मानना है कि हमें एक-दूसरे को सपोर्ट करना है, क्योंकि यह सालों की लड़ाई है, जो हमें आगे भी लड़नी है। ऐसा नहीं है कि अब सब ठीक हो गया है। बहुत सी औरतों ने पहले यह लड़ाई लड़ी है, जिसकी वजह से आज हम कम से कम अपनी आवाज उठा पा रहे हैं। लेकिन हमें आगे भी बहुत लड़ाई लड़नी है, तो हमें ये समझना होगा कि हम औरतें एक टीम हैं। हम एक दूसरे के खिलाफ नहीं हैं।

**फिल्म महाराज में किशोरी के किरदार के लिए आपको सराहा गया, पर सुना है कि फिल्म में इंटिमेट सीन करके आपको काफी अजीब महसूस हुआ था। कितना चैलेंजिंग था वह?**

वह निश्चित तौर पर बहुत चैलेंजिंग रोल था, क्योंकि उसमें बहुत सारे लेयर हैं। बतौर ऐक्टर मेरी कोशिश ये होती है कि ईमानदारी से अपना किरदार निभाऊं। अपनी निजी सोच और नैतिकता हटाकर उस पर भरोसा करूं, उसे समझूं, पर उस समयकाल में जाकर उस लड़की की अंधभक्ति को समझना मेरे लिए थोड़ा मुश्किल था। उस सीन में मुझे सहज करने में मेरे निर्देशक सिद्धार्थ पी मल्होत्रा, राइटर स्नेहा, डीओपी राजीव सर, सबका योगदान रहा, क्योंकि आप किस तरह शूट करते हैं, किस नजरिए से दिखाते हैं, वह बहुत मायने रखता है। मगर वो सीन करते वक्त मुझे उसकी इंटेंसिटी पता चली कि ओह माई गॉड, वे लड़कियां इस चीज से गुजरी होंगी। वो सीन करने के बाद मुझे झटका लगा था क्योंकि तब मुझे समझ में आया कि हम तो ऐक्टिंग कर रहे हैं, मगर जब यह असल में हुआ होगा तब उन लड़कियों पर क्या गुजरी होगी और अभी भी ऐसी चीजें कहीं ना कहीं होती होंगी।

# आलिया भट्ट की अल्फा में मानुषी की भी हुई एंट्री



मानुषी छिल्लर को यशराज फिल्म्स ने एक बार फिर मौका दिया है। मिस वर्ल्ड 2017 का खिताब जीतने वाली मानुषी अब आलिया भट्ट की आने वाली स्पाई थ्रिलर फिल्म अल्फा में काम करती दिखेंगी। यशराज फिल्म्स के महिला स्पाई यूनिवर्स की पहली फिल्म अल्फा में आलिया के अलावा शरवरी वाघ भी अहम किरदार में हैं। खबरों के अनुसार, मानुषी फिल्म में जासूसी करती हुई और आलिया व शरवरी के साथ एक्शन सीन्स करती नजर आएंगी। शिव रवैल द्वारा निर्देशित अल्फा इस साल क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म में ॠतिक रोशन भी एजेंट कबीर के रूप में एक्शन करते दिखाई देंगे, जबकि आलिया एक सुपर एजेंट हैं। बता दें कि मानुषी को बॉलीवुड में लॉन्च करने वाले आदित्य चोपड़ा ही थे। उन्होंने फिल्म सम्राट पृथ्वीराज में उन्हें ब्रेक दिया था।

# सामंथा की शुभम से साउथ में डेब्यू करेंगे क्लिंटन और बियांका



शोर पुलिस की मशहूर जोड़ी, क्लिंटन सेरेजो और बियांका गोम्स, ने सामंथा रूथ प्रभु की पहली प्रोडक्शन फिल्म शुभम के साथ तेलुगु सिनेमा में कदम रख रहे हैं। यह जोड़ी फिल्म के लिए पूरे पांच साइंडट्रैक तैयार कर रही है, जिसमें हिप-हॉप से लेकर कई शैलियों के 5 गाने शामिल हैं।

### क्लिंटन सेरेजो और बियांका गोम्स की जोड़ी साउथ में करेगी डेब्यू

क्लिंटन सेरेजो और बियांका गोम्स की जोड़ी ने शुभम के लिए पांच गानों का एक शानदार एल्बम तैयार किया है, जो फिल्म की हॉरर-कॉमेडी कहानी को और शानदार बना देगा। इस एल्बम में अलग-अलग शैलियों के गाने हैं, जैसे आर एंड बी, तेलुगु रैप, हिप-हॉप, रेट्रो और इलेक्ट्रॉनिक धुनें। वेलिपोव एक मजेदार आर एंड बी गाना है, जिसमें कुणाल गांजावाला की आवाज है। जाग्रत एक तेज-तर्रार रैप नंबर है, जिसे असुर और नवाब गैंग ने गाया है। अय्यो पापम में क्लिंटन और बियांका की जोड़ी ने मजेदार अंदाज में गाया है। जन्म जन्ममाला बंधम 90 के दशक के टीवी सीरियल की थीम जैसा है और द क्लॉक स्ट्राइक्स 9 एक मॉडर्न इलेक्ट्रो रीमिक्स है, जिसे बियांका और जैन बॉक्सवाला ने गाया है। क्लिंटन ने बताया कि शुभम उनका तेलुगु सिनेमा में पहला प्रोजेक्ट है और उन्हें अलग-अलग शैलियों के साथ प्रयोग करने की पूरी आजादी मिली। वहीं बियांका ने कहा कि फिल्म की कहानी और किरदारों के मूड को ध्यान में रखकर संगीत बनाना मजेदार था और इस आजादी ने उन्हें एक खास एल्बम बनाने में मदद की। शुभम 9 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

क्लिंटन सेरेजो और बियांका गोम्स, जो सामूहिक रूप से शोर पुलिस के रूप में जाने जाते हैं, एक पॉप बैंड है, जो अपने अनूठे साउंडट्रैक के लिए प्रसिद्ध है। वे अपनी स्वतंत्र संगीत रचनाओं के अलावा, बॉलीवुड में कई हिट गाने भी गा चुके हैं।



# साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म में लीड रोल निभाएंगी कंगना रनौत

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अब हॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं। वह हॉरर ड्रामा 'ब्लेस्ड बी द एविल' में पहली बार मुख्य भूमिका निभाएंगी। इस प्रोजेक्ट में कंगना के साथ टीन वुल्फ, टायलर पोसी और हॉलीवुड आइकन सिल्वेस्टर स्टेलोन की बेटी स्कारलेट रोज स्टेलोन होंगी।

### जल्द शुरू होगी शूटिंग

वैराइटी की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फिल्म का निर्माण इस गर्मी में न्यूयॉर्क शहर में शुरू होने वाला है। निर्माताओं ने खुलासा किया कि टीम ने जानबूझकर अमेरिकी स्थानों का चयन किया ताकि हाल ही में घोषित ट्रम्प इंडस्ट्री टैरिफ से उत्पन्न किसी भी अनिश्चितता से बचा जा सके। साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है 'ब्लेस्ड बी द एविल' इस फिल्म का निर्देशन अनुराग रुद्र ने किया है। जिन्होंने गाथा तिवारी लायंस मूवीज के अध्यक्ष और संस्थापक के साथ मिलकर इसकी स्क्रिप्ट भी लिखी है। 'ब्लेस्ड बी द एविल' एक साइकोलॉजिकल हॉरर है।

### क्या होगी फिल्म की कहानी?

रिपोर्ट के मुताबिक कहानी एक ईसाई कपल पर केंद्रित है जो गर्भपात के आघात से जूझ रहा है। एक नई शुरुआत की तलाश में, वह एक अंधेरे और भयावह इतिहास वाले एक छोड़े हुए खेत को खरीदते हैं, लेकिन यहां उनका सामना एक दुष्ट शक्ति से होता है। फिल्म के निर्देशक अनुराग ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा, 'ग्रामीण भारत में पैदा होने और अपना बचपन बिताने के कारण, मुझे ऐसी कहानियां सुनाई गईं जो मेरे दिमाग और दिल में बस गईं। यह लोककथा इतनी खास थी कि मुझे वास्तव में सभी कहानियों पर विश्वास था। मैं उन्हें सिनेमा की कला के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना चाहता था।' अभिनेत्री कंगना रनौत ने अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। अभिनेत्री को आखिरी बार 'इमरजेंसी' में देखा गया था। इस फिल्म से उन्होंने निर्देशन की भी शुरुआत की। फिल्म में उन्होंने भारत की दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई थी।



# खलनायक बन दहशत फैलाएंगे अक्षय, सैफ अली खान संग करेंगे दो-दो हाथ

बॉलीवुड के दो दिग्गज सितारे, अक्षय कुमार और सैफ अली खान 17 साल के लंबे इंतजार के बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर साथ नजर आने वाले हैं। खबर है कि दोनों 2016 की सुपरहिट मलयालम फिल्म ओप्पम के हिंदी रीमेक में काम करेंगे, जिसमें मूल रूप से मोहनलाल ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इस फिल्म को लेकर ताजा अपडेट्स ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार अक्षय कुमार एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे, जबकि सैफ अली खान लीड रोल में होंगे। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

### अक्षय वर्सेज सैफ

यह फिल्म अक्षय और सैफ के बीच एक हाई-वोल्टेज टकराव की कहानी होगी। बॉलीवुड हंगामा ने एक सूत्र के हवाले से बताया, सैफ अली खान मुख्य किरदार में होंगे, लेकिन अक्षय कुमार का खलनायक अवतार दर्शकों को हैरान कर देगा। यह फिल्म दोनों सितारों के बीच एक जबरदस्त जंग दिखाएगी, जो रोमांच और तनाव से भरी होगी।

### प्रियदर्शन के निर्देशन में बनेगी फिल्म

इस प्रोजेक्ट को मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन डायरेक्ट करेंगे, जिन्हें कॉमेडी और थ्रिलर फिल्मों के लिए जाना जाता है। सूत्रों ने बताया कि अक्षय और सैफ ने स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद इस प्रोजेक्ट के लिए तुरंत हामी भर दी। एक सूत्र ने कहा, यह एक सस्पेंस से भरी थ्रिलर फिल्म है, जो दर्शकों को शुरू से अंत तक बांधे रखेगी। प्रियदर्शन का निर्देशन इसे और भी खास बनाएगा। फिल्म की शूटिंग अगस्त 2025 में शुरू होगी और इसे 2026 में रिलीज करने की योजना है। अक्षय और सैफ की जोड़ी आखिरी बार 2008 में टशन में नजर आई थी। अक्षय और सैफ की जोड़ी पहले भी 'मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी', 'आंखें' और 'ये दिल्लगी' जैसी फिल्मों में जादू दिखा चुकी है।

### सैफ और अक्षय की फिल्में

सैफ अली खान हाल ही में अपनी फिल्म ज्वेल थीफ में नजर आए, जिसमें उनके साथ जयदीप अहलावत और निकिता दत्ता भी थे। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म के अंत ने इसके सीक्वल की संभावना को भी हवा दी है। दूसरी ओर, अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर 2 बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है।

अनन्या पांडे और आर. माधवन के साथ उनकी यह पीरियड कोर्टरूम ड्रामा, जलियांवाला बाग हत्याकांड के बाद ब्रिटिश राज के खिलाफ एक वकील की लड़ाई की कहानी है। दर्शकों से इसे जबरदस्त प्यार मिल रहा है। अक्षय की अगली फिल्म हाउसफुल 5 भी चर्चा में है। तरुण मनसुखानी के निर्देशन में बन रही यह कॉमेडी फिल्म 6 जून 2025 को रिलीज होगी।

# तापसी स्टारर हसीन दिलरुबा 3 की स्क्रिप्ट पर शुरू हुआ काम

तापसी पन्नू अपनी चर्चित फिल्म हसीन दिलरुबा का तीसरा पार्ट लेकर आ रही हैं। फिल्म की राइटर और निर्माता कनिका ढिल्लों ने इसके संकेत दिए थे और अब खबरें हैं कि तापसी एक बार फिर दिलरुबा बनकर दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, हसीन दिलरुबा 3 की स्क्रिप्ट पर काम शुरू हो चुका है। अगले पार्ट में रानी और रीशू की प्रेम कहानी और भी दिलचस्प मोड़ लेगी। कहा जा रहा है कि तीसरी किस्त पिछली दोनों फिल्मों से ज्यादा धमाकेदार होगी, जिसमें ड्रामा, कॉमेडी और रोमांस का तड़का होगा। फिलहाल अनुभव सिन्हा के साथ तापसी की एक फिल्म आ रही है।



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 2442 42 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I. No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327 , E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।